लगातार आयोजनों से घास का मैदान हुआ तबाह

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024

**अफसरों की लापरवाही से बिगड़े हालतः** म्युनिसिपल स्कूल मैदान की हालत बिगड़ने के पीछे अफसरों की भूमिका सबसे बड़ी है, जब मैदान में फटाका बाजार लगाया जा रहा था, तब मौखिक रूप से कई दफा जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों से वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करने की मांग की गई। अफसरों ने भी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित रखने की बातें कही, लेकिन जमीन पर कोई एक्शन नहीं लिया। यही कारण रहा कि मैदान में धड़ल्ले से वाहनों का आवागमन हुआ और मैदान की हालत बद से बदतर हो गई। अब खिलाड़ी मजबूर होकर उसी मैदान में खेल रहे हैं।



# सिर्फ नाम का खेल मैदान..आयोजनों से बिगड़ा हाल, अब तक मरम्मत भी नहीं करा पाया प्रशासन, गड्ढों में खेलने युवा मजबूर

*"खेल के नाम पर म्युनिसिपल स्कूल मैदान में 32 लाख फूंकने वाले प्रशासन की अनेदखी एवं कमजोरी के चलते आज यह मैदान केवल नाम का ही मैदान रह गया है। जगह-जगह गड्ढे एवं उबड़-खाबड़ मैदान में युवा खिलाड़ी खेलने मजबूर हो रहे हैं। हालांकि खिलाड़ियों ने भी प्रशासन से मैदान को आयोजनों के लिए नहीं देने की मांग रखी थी, लेकिन खिलाड़ियों की मांग को दरकिनार करते मैदान विभिन्न आयोजनों के लिए दे दिए गए। अब मैदान में हुई क्षति का सुधार भी प्रशासन ना तो आयोजन समितियों द्वारा कराया जा रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान को लगातार आयोजनों के लिए देने के चलते यहां लगाए गए घास की दुर्गति हो गई है। आयोजन की वजह से घास को पानी नहीं मिलने के चलते घास सूखकर पीली पड़ गई है। वहीं मैदान पर भी दरारें आ गई है।

म्युनिसिपल स्कूल मैदान को आयोजनों के लिए देने का विरोध यहां के खिलाड़ियों ने किया था। इसके बावजूद इस मैदान को लगातार आयोजनों के लिए दिया गया। गणेश पर्व के दौरान इस मैदान में स्थल झांकी बनाई गई और फिर इसके बाद रावण दहन और कवि सम्मेलन का आयोजन इसी मैदान पर किया गया। वहीं दीपावली पर्व के दौरान यहां फटाके की दुकान लगाई गई। लगातार लगभग 3 महीने से आयोजन होने के चलते यहां घास के मैदान पर पानी नहीं डाले जाने के चलते घास सूखकर पीली पड़ गई है।



### मैदान के भीतर वाहन

एक के बाद एक लगभग चार बड़े आयोजनों के लिए घास के मैदान को दिए जाने की वजह से यहां मैदान की स्थिति बदतर हो गई है। वहीं आयोजनों के चलते मैदान की सुरक्षा घेरा को भी तोड़ दिया गया। जिसकी वजह से अब मैदान के भीतर दो और चार पहिया वाहन ले जाए जा रहे हैं।

### आयोजकों ने नहीं कराई मरम्मत

आयोजनकर्ताओं द्वारा घास के इस मैदान को नुकसान पहुंचाए जाने के बाद मैदान की सुरक्षा घेरा की मरम्मत नहीं कराई गई। वहीं अब दोबारा घास को हरी भरी करने फिर से मशक्कत करनी होगी और रुपए भी खर्च होंगे।





**खिलाड़ियों में आक्रोश :** 32 लाख रुपए की लागत से म्युनिसिपल स्कूल मैदान में घास लगाया गया था, लेकिन इसका लाभ यहां के खिलाड़ियों को नहीं मिला। लगातार आयोजनों की वजह से खिलाड़ी इस मैदान पर प्रेक्टिस नहीं कर पा रहे हैं। वहीं इस मैदान में खेल के आयोजन भी नहीं हो पाए। ऐसे में यह मैदान खिलाड़ियों के बजाय आयोजनों के लिए ही रह गया है। जिसको लेकर खिलाड़ियों में आक्रोश है। खिलाड़ियों ने मैदान की दुर्दशा को लेकर कई बार आवेदन किया और मैदान में पहुंचकर विरोध भी जताया, लेकिन इसके बावजूद खिलाड़ियों की नहीं सुनी गई। जिसके चलते मैदान की दुर्गति हो गई है।

### 68वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में विवाद, मचा बवाल

# हरियाणा टीम ने केरल की महिला खिलाड़ी को बाल खींचकर पीटा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में पिछले चार दिनों से जारी 68वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में गुरुवार को बास्केटबॉल के एक मैच के दौरान दो टीमों में विवाद हो गया। क्वार्टर फाईनल मैच खेल रही केरल और हरियाणा के खिलाड़ियों में जुबानी जंग से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया।

केरल की खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि हरियाणा टीम के खिलाड़ियों सहित उनके पुरूष कोच ने मिलकर हाथापाई की। इस मामले में दो खिलाड़ियों को चोंट आई है। इधर मामले की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर ने अफसरों को बुलाकर मामले की जानकारी ली। हालांकि अब तक किसी भी टीम द्वारा आयोजन समिति व पुलिस से शिकायत नहीं की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह दस बजे हरियाणा एवं केरल की महिला बॉस्केटबॉल टीमों के मध्य मैच चल रहा था। मैच समाप्ति के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी एक-दूसरे से हाथ मिला रहे थे। इस दौरान ही हरियाणा टीम के खिलाड़ी द्वारा केरल की खिलाड़ी पर कुछ टिप्पणी की गई। जिसको लेकर ही विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों टीमों के सभी खिलाड़ी इस विवाद में शामिल हो गए। हालांकि कुछ मिनटों बाद स्थिति को सामान्य कराया गया।



### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज

सुबह दो टीमों के बीच विवाद होने के बाद हल्की चोंट आने पर केरल की दो महिला खिलाड़ियों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए। वहां दोनों ही खिलाड़ियों का प्राथमिक उपचार करने के बाद एक्स-रे कराया गया। हालांकि किसी भी खिलाड़ी को किसी भी प्रकार की गंभीद चोंट नहीं आई थी। ऐसे में भर्ती करने की अवश्यकता नहीं पड़ी।

### मौके पर नहीं थे अफसर

मौके पर मौजूद लोगों ने यह भी बताया कि जिस समय विवाद की स्थिति निर्मित हुई, उस दौरान आयोजन समिति से कोई भी जिम्मेदार अफसर मौके पर मौजूद नहीं थे। ऐसे में विवाद की स्थिति को बढ़ने से रोका नहीं जा सका। वहीं मामले में आयोजन समिति भी यह कहकर पल्ला झाड़ती नजर आ रही है कि उनके पास दोनों में से कोई भी टीम शिकायत करने नहीं पहुंची है।

### विवादों में घिरी प्रतियोगिता

उल्लेखनीय है कि 68वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता अपने पहले दिन से ही विवादों में घिर गई है। पहले खिलाड़ियों को तय मापदंड अनुसार रूकने की व्यवस्था नहीं कराने को लेकर आयोजन समिति की किरकिरी हुई। इसके बाद भोजन की व्यवस्था को लेकर भी शिकायत सामने आई। वहीं अब दो टीमों के बीच हुए विवाद के बाद भी आयोजन समिति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# ई-रिक्शा से उतारकर चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ई-रिक्शा में जा रहे एक 17 वर्षीय किशोर को नीचे उतारकर गाली-गलौज करते आरोपी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी राजीव नगर लखोली ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 नवंबर को सुबह करीब 8 बजे अपने घर से ई-रिक्शा में सवारी लेकर कुंआ चौक लखोली में छोड़ा। वापस जाने के लिए सुबह लगभग साढे 10 बजे शीतला मंदिर के पास लखोली पहुंचा था, तभी सोनू निवासी बैगापारा अटल आवास लखोली मोटर साइकिल से आया और प्रार्थी के ई-रिक्शा को रोका। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हेमंत उर्फ सोनू 22 साल निवासी बैगापारा अटल आवास लखोली वार्ड नं. 32 राजनांदगांव थाना कोतवाली को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त एक नग लोहे का धारदार चाकू जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

### किया गाली गलौच

प्रार्थी जब रिक्शा से नीचे उतरा, तब आरोपी ने तुमको मैं कब से ढूंढ रहा हूं, कहते हुए अकारण गालियां देते हाथ थप्पड से मारपीट करने लगा और अपने पास रखे चाकू को निकालकर प्रार्थी के गले में मार रहा था, तब तुरंत झुककर भागा तो मेरे पीछे कूल्हे पर चाकू लगा। आरोपी सोनू द्वारा हत्या करने की नियत से गाली-गलौज कर चाकू से मारकर चोंट पहुंचाना बताया, जिस पर धारा 109, 296 भारतीय न्याय सहिता कायम कर विवेचना में लिया गया।




# चार किलोमीटर में धान खरीदी केंद्र, लेकिन 15 किलोमीटर दूर जुड़ा नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कुमरदा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मासुलकसा के आश्रित ग्राम कारूटोला के किसान आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। किसानों ने यहां ज्ञापन के माध्यम से समीप के धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने की व्यवस्था करने की मांग की है।

चार किलोमीटर में धान खरीदी केंद्र होने के बावजूद लगभग 15 किलोमीटर दूर धान विक्रय के लिए गांव का नाम जोड़े जाने को लेकर किसानों ने प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। वहीं धान विक्रय हेतु गोडलवाही के धान खरीदी केन्द्र में गांव का नाम जोड़ने की मांग की है, ताकि किसान अपने धान की उपज वहां बेच सकें, वहीं दूसर जाने की समस्या से बच सकें।



### किसानों को हो रही समस्या

ग्राम कारूटोला से पहुंचे ग्राम पटेल अशोक कुमार, घासुराम सहारे, लालाराम और देवनाथ ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मटिया के ग्राम कारूटोला को धान उपार्जन केन्द्र सम्बलपुर में जोड़ दिया गया है, जो कारूटोला से 15 किलोमीटर दूर है। किसानों ने कहा कि 5 किलोमीटर की जगह 15 किलोमीटर दूर जाने से किसानों को समस्या होगी। जबकि समिति मटिया का दूसरा उपार्जन केन्द्र ग्राम गोडलवाही महज 4 किलोमीटर की दूरी पर है।


### गांव में 50 से अधिक किसान

ग्राम कारूटोला से पहुंचे किसानों ने बताया कि पहले उनका गांव वन ग्राम था, लेकिन अब राजस्व ग्राम में शामिल हो चुका है। गांव में लगभग 50 किसान हैं, ऐसे में सभी किसानों को अपने धान की उपज बेचने 15 किलोमीटर दूर जाना होगा। उन्होंने मांग की है कि वर्तमान में की गई धान खरीदी की व्यवस्था के तहत ही समीप के धान उपार्जन केंद्र में धान की खरीदी की जाए।

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन आज आएंगे

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एक दिवसीय प्रवास पर कल अपने निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव आ रहे हैं। वे इस दौरान अखिल भारतीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार डॉ. रमन सिंह दोपहर 12 बजे दिग्विजय स्टेडियम आएंगे, जहां 68वीं अखिल भारतीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लेकर दोपहर 01 बजे विस अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचेंगे, जहां स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। शाम 4 बजे एक बैठक में भाग लेंगे तथा रात्रि 8.15 बजे पृथ्वी पैलेस में एक वैवाहिक समारोह में भी उपस्थित रहेंगे।





## खबर संक्षेप

### अब चिद्दो में दिखा तेंदुआ

**डोंगरगढ़।** बोरतलाव परिक्षेत्र के चिद्दो के पास बीती रात तेंदूआ होने का वीडियो जारी हुआ है। सोषल मीडिया के माध्यम से वायरल वीडियो के अनुसार बोरतलाव, पनियाजोब, चिद्दों, बन्नारा नाले के आसपास पिछले 15 दिनों से तेंदुआ भटक रहा है। ग्रामीण भी तेंदुआ को देखाने की पुष्टि कर रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी इन गांवों में तेंदूआ एवं शेर का फर्जी वीडियो वायरल होने से परेशान हो चुके है। हाल ही में भंडारा-तिरोड़ा के बीच रेल पटरी में जख्मी शेर का वीडियो जारी हुआ था। जानकारी के अनुसार बीती रात ग्रामीणों ने चिद्दो मार्ग पर साजा पेड़ के पास तेंदूआ होने का वीडियो जारी किया है। परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेन्द्र गोस्वामी ने भी तेंदुआ की मौजूदगी की पुष्टि किया है।



### अभिभाषक के पद पर ज्योति नियुक्त

**डोंगरगढ़।** विधि और विधायी कार्य विभाग मंत्रालयने अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक के पद पर अधिवक्ता ज्योति सोनवानी को नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुउ विधानसभा भाजपा के मीडिया प्रभारी विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने उन्हे बधाई दी है।

### धान खरीदी का लिया जायजा

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बइहाटोला, आमदानी, पाड़ादाह और मुढ़ीपार जाकर धान खरीदी का निरीक्षण किया और किसानों से मिलकर उनकी समस्या के बारे में पूछा। इस दौरान भूपेंद्र सिंग, उत्तमसिंह राजपूत, भीखम सिन्हा, सुरजीतसिंह, ज्येतराम वर्मा, कमलेश वर्मा, घनश्याम सिन्हा, गौतमचंद जैन, देवकांत यदु, महेंद्र जंघेल, तेजराम वर्मा, राकेश वर्मा, मकसूदन साहू, देवराज सिन्हा, भुनेश्वर सिन्हा आदि उपस्थित थे।



### योग में हिमांशी ने मारी बाजी



**डोंगरगढ़।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्रा हिमांशी वर्मा आ रामानुजलाल वर्मा ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन रायपुर रीजन के राजनांदगांव में आयोजित 53 वे स्पोर्ट्स में विद्यालय का प्रतिनिधित्व कर योग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिमांशी ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के भुनेश्वर में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स में रायपुर रीजन का प्रतिनिधित्व किया।

### संकुल के शिक्षकों का सम्मान

**बांधाबाजार।** संकुल आलकन्हार में संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि एसएस पडौती थे। इस दौरान जीआर चन्द्रवंशी, महेशकुमार पिस्दा, विष्णुराम बेलसारे मौजूद थे। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य गौरीशंकर साहू ने किया। विशेष अतिथि संकुल समन्वयक पीएल साहू थे। शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय विदाई समारोह में शिक्षकों को साल, श्रीफल, मेमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ललित देवांगन, विनोद सिन्हा, धरमसिंह मंडावी, महेश रावटे आदि मौजूद थे।



### कॉलेज में शिक्षा नीति पर परिचर्चा

**गंडई पंडरिया।** पं. देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय में स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर परिचर्चा का आयोजन बुधवार को हुआ। परिचर्चा में प्राचार्य डॉ एनएस वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधान उच्च शिक्षा विभाग में लागू हो गए है। शिक्षा नीति के प्रावधानों से छात्र-छात्राओं एवं पालकों को अवगत कराने तथा शंकाओं का निराकरण करने के लिए विभाग ने निर्देशित किया है। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों से प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अवगत कराया। विद्यार्थियों को कोर सब्जेक्ट, जेनेरिक इलेक्टिव, वैल्यू ऐडेड, स्किल इन्हेंसमेंट एवं आंतरिक मूल्यांकन, असाइनमेंट के बारे में बताया गया। इस अवसर पर प्रो टीएल वर्मा, जी कौशिक, पीके अमिला आदि उपस्थित थे।



### खाद्य गोदाम लोकार्पित

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में गुरूवार को 12 लाख 15 हजार की लागत से नवनिर्मित खाद्य गोदाम का लोकार्पण तथा डेढ़ लाख की लागत से वाले मंच का भूमिपूजन विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने किया। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष नीना विनोद ताम्रकार ने की। विशिष्ट अतिथि मोतीलाल जंघेल, गजेन्द्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, ललित महोबिया, संजू चंदेल, हेमंत वैष्णव, कविता जंघेल, अशोक जंघेल, किशुन मिर्चे, लिखन जंघेल, कामती प्रकाश जंघेल, संतकुमार जंघेल, पुलेन्द्र जंघेल, शारदा गोरेलाल जंघेल, प्रदीप जंघेल, काशी राम थे। इस मौके पर श्रीमती वर्मा ने कहा कि वह गांव, कृषक, मजदूर के विकास के लिए हमेशा तत्पर हैं। उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए टोकन संबंधी समस्या को दूर कराने की बात कही। कार्यक्रम में टाकेश्वरी जंघेल, टोकेन्द्र जंघेल, पुष्पलता, सत्यभामा, काजल नेताम, ओमिसा जंघेल, राम खिलावन, खुशबु, अन्नपूर्णा, युवराज, भोजराम, त्रिलोका, अश्वनी, कैलाश वर्मा, घसिया सहित अन्य मौजूद थे।

### परिचय सम्मेलन एक को रायपुर में

**मुरमुंदा।** छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ का प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन आगामी एक दिसंबर को महादेव घाट रायपुर में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, विकास मरकाम, जगेश्वर प्रसाद, प्रभुदयाल मेषपाल, मिलन धनकर, यशवंत पाल धनकर, मदन सटकर, गोविंद धनकर, लोरिक पाल, लक्ष्मी नारायण महतो शामिल होंगे। यह जानकारी राजनांदगांव धनकर समाज के सचिव संतोष धनकर ने दी।

### एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**मोहला।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 11 नवंबर से 10 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में त्रुटि होने पर सुधारने के लिए 11 से 19 दिसंबर 2024 तक का समय दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 19 जनवरी को होगी।

विद्युत वितरण कंपनी ने छेड़ा सघन अभियान

# 548 बिल बकायेदारों से 22 लाख वसूल, 241 के कनेक्शन विच्छेद

## महीनों से नहीं कर रहे थे बिल का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली करने वृहद अभियान शुरू किया है। विद्युत संभाग अंतर्गत कुमरदा, गैंदाटोला, खुज्जी, डोंगरगांव शहर एवं ग्रामीण वितरण केन्द्रों में बकायेदार 241 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेद किया गया है। इस अभियान में 548 उपभोक्ताओं से 22 लाख 5 हजार की वसूली किया गया है।

गौरतलब है कि पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए बिल वितरण की व्यवस्था कराई जाती है। उसके बाद बिजली बिल के देयकों के भुगतान में विलंब होने पर कई दफा सूचना देने के बाद भी बिल का भुगतान नहीं करने पर बिजली कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्यवाही की जा रही है। विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता पीसी साहू ने बताया कि डोंगरगांव उपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 241 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 16 लाख 99 हजार बकाया था, का भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काट दिया गया है। अन्य 548 बकायादार उपभोक्ताओं से 22 लाख 5 हजार भुगतान प्राप्त किया गया।



### मीटर का निरीक्षण

अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किए जा मीटर वाचन के कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। श्री साहू ने बकायादार उपभोक्ताओं से विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करने की अपील किया है ताकि विच्छेदन की कार्यवाही से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं होने पर उपभोक्ताओं को हॉफ बिजली बिल योजना का लाभ नही मिलेगा क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वह अपात्र हो जाएंगे।

### शिकायतें हल करने लगा शिविर

ग्रामीण अंचल में बेहतर विद्युत व्यवस्था बनाए रखने एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए गैंदाटोला वितरण केन्द्र में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक यंत्री जनक राम साहू, कनिष्ठ यंत्री धनेश्वरी चन्द्रवंशी, श्रीकांत सहित गैंदाटोला क्षेत्र के नागरिक शामिल हुए। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के विवादित देयकों, वोल्टेज की समस्या, नए विद्युत कनेक्शन, मीटर की समस्या, ट्रांसफार्मर भार वृद्धि, विफल ट्रांसफार्मर संबंधी समस्या सहित अन्य का समाधान करने की कार्रवाई की गई। शिविर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, बिजली बिल हॉफ योजना, कृषक जीवन ज्योति योजना एवं मोर बिजली ऐप के बारे में बताया गया। उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया कि मीटर रीडर द्वारा स्पॉट बिलिंग मशीन से रीडिंग दर्ज कर बिल देते समय बिल में दर्ज रीडिंग और मीटर में दर्ज रीडिंग का मिलान करें और किसी प्रकार का अंतर हो तो तत्काल रीडर या अधिकारी को सूचना दें। मीटर रीडर के प्रलोभन में आकर रीडिंग कम न दर्ज कराए।

# राईस मिलों में छापा के बाद कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कुछ राईस मिल में अवैध धान की मिलिंग कर चांवल को कई ब्राण्ड में दूसरे राज्य भेजने का मामला सामने आया है। अधिकारियों द्वारा बीते दिनों छापामार कार्रवाई करने के बाद अन्य मिलर्स में हडकंप मचा हुआ है।

■ मामला- उसना चावल की अफरातफरी का

उल्लेखनीय है कि एसडीएम, खाद्य विभाग और मंडी की टीम ने अरोरा राईस मिल एवं अरोरा एग्रो राईस मिल में छापा मारा था। इस दौरान खुद का ब्राण्ड तैयार कर 25 किलो कट्टे में चावल को निर्यात करने का मामला सामने आया था। जांच में स्टाक के अतिरिक्त धान बरामद हुआ था। जानकारी के अनुसार कई राईस मिलो में सौदा पत्रक के आधार पर बीते 6 माह में करोड़ों के धान की आवक अन्य राज्य से हुई है। कुछ राईस मिलर्स ने बिना टेक्स अदा किए मिलिंग भी किया और चांवल को अन्य राज्य में भेज दिया।

### कई नाम से बेच रहे चावल

जानकारी के अनुसार राइस मिलर्स ब्रांडेड कंपनियों के नाम से उसना चावल को अन्य देशों में भेज रहे हैं जिससे राज्य एवं केंद्र सरकार को बड़ा नुकसान हो रहा है। कहा जा रहा है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच हो तो बड़ी गड़बड़ी उजागर होगी।

### छापा के बाद मिलर्स में हड़कंप

एसडीएम की कार्रवाई के बाद राइस मिलर्स में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों द्वारा छापा मारने पर इरोरा इंडस्ट्रीज की स्टॉक पंजी और भौतिक सत्यापन करने पर 5 स्टॉक धान पाया गया। पोल्ट्री फार्म चौथना में एक स्टॉक धान पाया गया। मिल में 5798 क्विंटल उसना चावल पाया गया। मिलान के बाद राइस मिल में कुल 37555.80 क्विंटल धान पाया गया। स्टॉक रजिस्टर की जाँच करने पर 37319 क्विंटल धान पाया गया जो स्टाक से 236.80 क्विंटल अधिक था। अतिरिक्त धान को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण बनाया गया है।

# कार्यशाला में संस्कृति के प्रचार पर जोर

**अर्जुनी।** सत्य सनातन धर्मसभा राजनांदगांव के तत्वावधान में व्याख्याकार तथा रामायणीक बम्हलीन शशिकांत अवस्थी की स्मृति में दो दिवसीय मानस मंडलियों के युवा वक्ताओं की कार्यशाला का आयोजन ग्राम में किया गया। कार्यशाला में मानस प्रसंग के आधार पर हिन्दू जागरण, सनातन संस्कृति का प्रचार, समाज सुधार, नशाबंदी, सामाजिक, पारिवारिक एकता जैसे विषयों को लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।



कार्यशाला का शुभारंभ सत्य सनातन धर्मसभा के जिला अध्यक्ष धवल चावड़ा, आयोजन के सूत्रधार अचलदास वैष्णव, वर्षा पाठक के आतिथ्य में भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा देव स्तुति से हुआ। इस दौरान श्री चावड़ा ने प्रतिभागियों से सत्य सनातन धर्म सभा से जुडक़र हिन्दुत्व और सनातन संस्कृति के लिए आगे आकर कार्य करने का आव्हान किया।

दो दिनों तक मानस व्याख्याकारों को विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद व्याख्याकारों के बीच प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक एमआर साहू निर्णायक थे। कार्यशाला के संचालन में कुमुद किशोर शुक्ला, हेमलता साहू, चिंताहरण पटेल, सागरदास मानिकपुरी ने अपनी सेवा दी।

### राज्य के लिए 5 चयनित

कार्यशाला में युवा मानस वक्ता प्रतियोगिता से राज्य स्तरीय आयोजन के लिए पांच लोगों का चयन किया गया जिसमें अभिषेक साहू सालिकझिटिया, सुखसागर ध्रुव पटपर, डॉ. गंगा वर्मा भोथली, रामलाल चंद्रवंशी अड़ाम तथा दिलीप कुमार विश्वकर्मा शामिल हैं। अंत में समस्त प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन सत्य सनातन धर्मसभा के प्रांतीय अध्यक्ष अचल वैष्णव ने किया।

# कवियों ने किया ऑनलाइन काव्य पाठ

**चिचोला।** पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा ने गत दिनों आनलाइन कवि गोष्ठी का आयोजन किया। दो दर्जन रचनाकारों ने विभिन्न रसों से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ किया। मुख्य अतिथि शेरसिंह गोड़यिा थे।अध्यक्षता ओमप्रकाश साहू ने किया। कवियों ने आजादी पर्व, नशा, शिक्षा नीति, प्रेम व श्रृंगार परख गीत, किसानी, सामाजिक विषमता, समरसता जैसे विषयों पर काव्य पाठ किया। इस कार्यक्रम में ओमप्रकाश, ग्वालाप्रसाद यादव, रामकुमार चन्द्रवंशी, कोमल सिंह, शेरसिंह गोड़यिा, शिवप्रसाद लहरे, पदमा साहू, अमृत साहू, प्रीतम कोठारी, लखन साहू, हेमलाल सहारे, नंदकुमार साहू, फकीर साहू, डोहरदास, मदन मंडावी, राजेन्द्र साहू, होरीलाल भुआर्य, अलख यादव, चंदन ने काव्यपाठ किया। काव्य गोष्ठी से जनक साहू, हेमराज सहारे, असउराम कारिहरपार, फगवाराम, खिलावन, बीआर साहू, मनोज पटल जुड़े रहे। संचालन ग्वालाप्रसाद यादव तथा आभार प्रदर्शन हेमलाल सहारे ने किया।




पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# पूर्व सरपंच पर कार्रवाई करने से बच रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसराकला

ग्राम पंचायत पलांदुर के पूर्व सरपंच माणिकलाल वर्मा पर पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है। जानकारी के अनुसार गत 3 नवंबर को उन्होंने सुखदेव पिता सेवक विश्वकर्मा के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया था।

घायल सुखदेव को उपचार के लिए मोहारा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया था। चार दिन पहले जिला अस्पताल से रायपुर मेकाहारा रिफर कर दिया गया है।

इस मामले में पुलिस अब तक हाथ पर हाथ धरे बैठी हैं। पुलिस का कहना है कि उन्हे अस्पताल से रिपोर्ट नहीं मिली है। रिपोर्ट मिलने के बाद पूर्व सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि मामला बेवजह मारपीट करने का है। गंभीर रूप से घायल ग्रामीण जीवन मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है किन्तु पुलिस आरोपी को बचाने में लगी है। कार्रवाई नहीं होने से आरोपी के हौसले बुलंद है और वह गांव में कहता घूम रहा है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अब तक कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।



### पहले भी हो चुकी घटनाएं

पूर्व सरपंच पहले भी कई ग्रामीणों के साथ इस तरह की घटना कर चुका है। राजनीतिक प्रभाव के कारण छूट जाने से इसके हौसले बुलंद है। ग्रामीणों ने बताया कि सार्वजनिक तालाब पर अपना बताकर कब्जा जमाए हुए है। उसके खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। तालाब का मामला भी हाईकोर्ट में लंबित है।

### कार्रवाई होगी

बेड हेड टिकट नहीं मिला है । घायल को मैकाहारा में रिफर किया गया है तो पता लगा लेते हैं। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी।

\- **आशीष कुंजाम,** एसडीओपी

### यह था मामला

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व सरपंच माणिक वर्मा ने सार्वजनिक तालाब के किनारे से गुजर रहे ग्रामीण को इसलिए पीट दिया कि वह उसके ग्रुप का नहीं था। डंडे से सिर पर वार करने के कारण सुखदेव को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने धारा 296/1, 152, 351/2 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मोहारा चैकी प्रभारी ढालसिंह साहू ने कहा था कि 4 नवंबर को जिला अस्पताल में मुलायजा कराने के बाद अन्य धारा जोड़कर आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी किन्तु घटना के 20 दिन बाद भी पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### अजय सहित अन्य स्वयंसेवक गुजरात में सम्मानित

**एलबी नगर।** छत्तीसगढ़ रासेयो इकाई के 10 स्वयंसेवकों ने हेमचंद्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय पाटन में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ दल प्रभारी शत्रुहन धृतलहरे थे। शिविर के दूसरे दिन प्रकृति की देन फूल, पत्तियों, रेत, कोयले धान का उपयोग कर छत्तीसगढ़ माता की आकृति बनाया गया। तीसरे दिन सांस्कृतिक संध्या में स्वयंसेवकों ने छत्तीसगढ़ी कला सांस्कृतिक विधा में छत्तीसगढ़ माता का गुणगान, कर्मा, ददरिया, पंथी, सुआ, राउत नाचा एवं बारहमासी गीत और नृत्य प्रदर्शित किया।

स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृहग्राम वडनगर, रानी की वाव, मोढेरा के सूर्य मंदिर का भ्रमण किया। शिविर में दीपक राठौर, सन्नी जगताप, विद्यांशी भोई, सेतकुमार कोसरिया, दीक्षा वैष्णव, चेतनानंद साहू, माधुरी ठाकुर, अजय यादव, मधुलिका जायसवाल, हेमा कचलामे ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक धरोहर का नेतृत्व अजय यादव एवं दीक्षा वैष्णव ने किया। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय एकता शिविर में सफल सहभागिता के लिए कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लालबहादुर नगर के प्राचार्य डा. आरके ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बीआर चन्द्रवंशी आदि ने बधाई दिया है।

## निकाय से सीधे भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल जारी

# तीन दिन से प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर, व्यवस्था बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

निकाय से सीधे वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर प्रांतीय आव्हान पर नगर पालिका में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी बुधवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। संघ के निकायाध्यक्ष अंकुर सिंह, नवीन नामदेव, आशीष तिवारी, सुरेश महोबे, लोकेश साहू, संजय यादव, हेमंत साहू, बलराम यादव, अभिषेक यादव, अमन कुलदीप, शिवकुमार यादव, जितेंद्र वर्मा, पवन यदु सहित अन्य ने कहा कि छग नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ प्रदेश के 184 नगरीय निकायों में बीते 15-20 सालों से कार्यरत लगभग 20 हजार प्लेसमेंट/आउटसोर्सिंग/ठेका कर्मचारियों का प्रदेश स्तर का संगठन है।

संगठन के समस्त कर्मचारी निकायों में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समकक्ष कार्यों का निर्वहन करते है और अपने कर्मचारियों के हितों को लेकर सालों से संघर्षरत है। नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग जल संसाधन, लोनिवि और वन विभाग आदि की तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान करने समय समय पर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों से शासन को अवगत करते आ रहा है लेकिन आज दिनांक तक उनकी मांगों के निराकरण को लेकर कोई पहल नही की गई। उन्होंने कहा कि 184 निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों से सीधे वेतन भुगतान श्रम सम्मान राशि चार हजार सहित करने से शासन को किसी भी प्रकार अतिरिक्त व्यय का वहन नहीं करना पड़ेगा। मांगों को गंभीरता से नहीं लेने के कारण महासंघ के निर्णय बाद नगरीय निकाय के समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यालयीन और लोक सेवा कार्य बंद कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। प्लेसमेंट कर्मचारियो के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से आने वाले कुछ दिनों तक नपा क्षेत्र के रहवासियों को पानी, सड़क बिजली, साफ सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है वही कार्यालयीन काम काज बाधित हो रहा है।



### सरकार की नींद टूटना बाकी : मनराखन देवांगन

धरना स्थल में जाकर समर्थन देते विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकायों में कार्यरत हजारों प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसका असर जिले में साफ दिखाई दे रहा है सफाई, जलापूर्ति सहित अन्य आवश्यक सेवा प्रभावित हुई हैं। हड़ताली कर्मचारियों का समर्थन करते हुए सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान प्लेसमेंट कर्मचारियों को सौ दिन के अंदर नियमित करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आये 9 माह को गया है वादे को पूरा नही कर पाई है। उन्होंने कहा कि प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। शहरों में सड़कों पर गंदगी फैल रही है, जल आपूर्ति बाधित हो रही है और अन्य कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। लोग सरकार से इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग कर रहे हैं। समस्या का स्थाई समाधान निकालने के लिए सरकार को मांगों पर गंभीरता से विचार करना होगा। कर्मचारियों को स्थायी किया जाना चाहिए और उन्हें उचित वेतन और सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। इसके साथ ही, नगर निगमों को भी मजबूत बनाया जाना चाहिए ताकि वे शहरों को बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, पार्षद दिलीप लहरे सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# घोटिया को एनीमिया मुक्त बनाने का संकल्प



- घोटिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहारा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नेतराम नवरत्न एवं डीपीएम संदीप ताम्रकार के मार्गदर्शन में ग्राम घोटिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बिरसा मुंडा की जयंती भी मनाया गया।

सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर घोटिया में एनीमिया मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। जनप्रतिनिधियों, ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख एवं सरपंच संजय उइके ने आगामी माह गांव को स्वस्थ बनाने हेतु स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा, संस्कार, सुपोषण अभियान के माध्यम से जागरूक करने का निर्णय लिया ताकि मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु न हो। शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकलसेल, एनीमिया एवं अन्य बीमारियों की जांच कर इलाज किया गया। शिविर में 7 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन के 4 मरीज, 7 ग्राम हीमोग्लोबिन से अधिक के 114 हितग्राही, 10 लोगों की सिकलसेल निगेटिव मिली।बीपी के 25 एवं शुगर के दो मरीज मिले। स्वास्थ्य शिविर में 35 पुरुष एवं 82 महिलाओं की जांच की गई। इस अवसर पर कुर्सी दौड़, मोमबत्ती दौड़ एवं अन्य खेल का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने विजेताओं को पुरस्कार दिया। इस दौरान बीएमओ डॉ बीपी एक्का, बीपीएम मुक्ता, पर्यवेक्षक सुदेश टेंबुरकर, डागेश्वर राय, मुकेश गुनेंद्र, अनिता ध्रुव, भैरव निर्मलकर, पार्वती मांडवी, भारती सिन्हा आदि मौजूद थे। शिविर के आयोजन में रेखराम यादव, ईश्वर, दिलीप मांडवी, दिनेश मंडावी, अमेरिका बाई, पीतांबर आदि ने सहयोग दिया।

# जीएसटी बचाने के लिए दिया बिना नंबर वाला बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- फर्म का नहीं है शहर में साइन बोर्ड

श्रीराम प्रिंटर्स नाम से फर्जी फर्म खड़ाकर स्टेशनरी व छपाई के नाम पर लंबी चौड़ी राशि के भुगतान सहित सारी प्रक्रिया में नगर पालिका प्रशासन की प्रक्रिया भी अनेक संदेहों को जन्म दे रही है। प्रथम दृष्टया इसमे तुरकारी पारा पार्षद पति विकेश गुप्ता के साथ साथ डीलिंग क्लर्क की महत्वपूर्ण भूमिका नजर आ रही है।

विभाग प्रभारी मनोज शुक्ला ने जलकर डिमांड पंजी 20 नग, लॉग बुक एक, बी और सी 10-10 नग,निविदा फार्म ए और बी दो दो हजार प्रति, यूजी चार्ज रसीद बुक 50 नग और यूजी चार्ज पंजी 10 नग छपाई को लेकर 1 लाख 61 हजार रूपयों के प्रस्तावित खर्च को लेकर सीएमओ प्रमोद शुक्ला के समक्ष 26 जुलाई को नोटशीट पेश किया। दूसरे दिन ही 27 जून को ही कार्यालय से रजिस्टर छपाई के नाम से भाव दर आमंत्रण सूचना प्रकाशित हो गई।

11 जुलाई को तीन लोगों का कोटेशन भी मिल गया और भाव पत्र में उल्लेखित दरों के तुलनात्मक मिलान बाद निविदा समिति द्वारा 12 जुलाई को श्रीराम प्रिंटर्स को छपाई काम के लिए आदेश दे दिया गया और गजब बात पूरे मामले मे यह है कि महज दस दिन बाद छपाई काम पूरा करके प्रिंटर्स ने 23 जुलाई को बिल भुगतान के लिए पेश कर दिया और दो महीने बाद 20 सितंबर को को ही प्रमाणक क्रमांक 207 के माध्यम से उसे 1 लाख 83 हजार 800 रूपयो का भुगतान कर दिया गया।

इसके बाद 30 अक्टूबर को विभिन्न प्रिंटिंग कार्य भुगतान के नाम से 42 हजार 912 रूपयो का भुगतान हुआ जबकि इससे पहले 20 जून को 88 हजार रूपयो का भुगतान श्रीराम प्रिंटर्स को हुआ है। ज्यादातर मामलो मे यह देखा जाता है कि व्यापारी अपने पुराने बिल की वसूली पहले करते है, लेकिन श्रीराम प्रिंटर्स द्वारा नपा को 23 जुलाई को प्रस्तुत सामग्री के बिल का भुगतान 1 लाख 83 हजार 800 लिया उसके बाद 30 अक्टूबर को अप्रैल, मई जून, जुलाई महीने में स्टेशनरी सप्लाई का 21 अलग अलग बिल पेश कर 42 हजार 912 रूपयो को भुगतान लिया है।

### नपा अधिकारी-कर्मचारी भी हैं जिम्मेदार और साझेदार

प्रकरण को देखने पर पता चलता है कि नपा प्रशासन द्वारा नियम कानूनों को पूरी तरह दरकिनार किया गया। शहर में किसी जगह भी दुकानदारी शुरू करने पर गुमाश्ता कानून के अनुसार प्रोपाईटर को संस्था की वर्तमान स्थिति, नाम पता सहित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना होता है, लेकिन श्रीराम प्रिंटर्स का नपा में गुमाश्ता लाइसेंस की प्रक्रिया ही नही की है। वही पता चला है कि फर्म ने जीएसटी नंबर एलॉट कराया है, लेकिन अब बिल में प्रिंट नही होना बता रहे है इस स्थिति में सवाल यह कि क्या श्रीराम प्रिंटर्स ने जीएसटी चोरी करने के लिए बिल में जानबूझकर नंबर प्रिंट नही कराया और यदि प्रिंट नही कराया तो क्यो बिल भुगतान के दौरान नपा प्रशासन को जीएसटी नंबर उपलब्ध कराया। जीएसटी काम से जुड़े जानकार ने बताया कि कोई भी फर्म यदि सरकारी संस्थाओं में सामान सप्लाई करती है और उसके एवज में भुगतान प्राप्त करती है तो संस्था के साथ साथ उसका भी दायित्व बनता है कि वो जीएसटी नंबर बताए, लेकिन इस मामले में बिल में नंबर का उल्लेख नही करना और नही संस्था को नंबर संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना प्रथम दृष्टया यह प्रमाणित करता है कि जीएसटी चोरी का प्रयास किया गया है।



### शिविर में स्वयं सेवकों ने लिया हिस्सा

**एलबी नगर।** छत्तीसगढ़ रासेयो इकाई के 10 स्वयंसेवकों ने हेमचंद्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय पाटन में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ दल प्रभारी शत्रुहन धृतलहरे थे। शिविर के दूसरे दिन प्रकृति की देन फूल, पत्तियों, रेत, कोयले धान का उपयोग कर छत्तीसगढ़ माता की आकृति बनाया गया। तीसरे दिन सांस्कृतिक संध्या में स्वयंसेवकों ने छत्तीसगढ़ी कला सांस्कृतिक विधा में छत्तीसगढ़ माता का गुणगान, कर्मा, ददरिया, पंथी, सुआ, राउत नाचा एवं बारहमासी गीत और नृत्य प्रदर्शित किया। स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृहग्राम वडनगर, रानी की वाव, मोढेरा के सूर्य मंदिर का भ्रमण किया। शिविर में दीपक राठौर, सन्नी जगताप, विद्यांशी भोई, सेतकुमार कोसरिया, दीक्षा वैष्णव, चेतनानंद साहू, माधुरी ठाकुर, अजय यादव, मधुलिका जायसवाल, हेमा कचलामे ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक धरोहर का नेतृत्व अजय यादव एवं दीक्षा वैष्णव ने किया। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय एकता शिविर में सफल सहभागिता के लिए कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लालबहादुर नगर के प्राचार्य डा. आरके ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बीआर चन्द्रवंशी आदि ने बधाई दिया है।

# सवालों के जवाब मांगने कांग्रेसियों ने दिया धरना

- खुलने वाली सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले के विचारपुर, बुंदेली, पंडरिया और संडी के मध्य खुलने वाली सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान मे अंबेडकर चौक मे एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने चार सवालों का जवाब मांगते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा कि क्या ग्रामीणों की मंशा के विरुद्ध सीमेंट फैक्ट्री खोला जाना न्यायोचित है।

क्या ग्राम पंचायत कार्यालय विचारपुर पंडरिया संडी एवं बुंदेली के द्वारा इस विवादित सीमेंट फैक्ट्री को खोलने के संबंध में अपना प्रस्ताव दे चुके हैं। चूना पत्थर से प्रभावित जमीन का मूल्य शासन के द्वारा तय किया जा चुका है बाकि बचे भूमि का मूल्य कौन तय करेगा और क्या सीमेंट फैक्ट्री खोले जाने के संबंध में प्रशासन व ग्रामीणों के बीच में किसी भी प्रकार की जनसुनवाई हुई है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इन सवालों का जवाब तीन महीने से प्रशासन नही दे पाया है। सीमेंट फैक्ट्री खोलने को लेकर लोकल निवासियों और किसानों द्वारा लगातार विरोध का स्वर उठ रहा था जिसे देखते हुए कांग्रेसियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें प्रभावित इलाके के 95 प्रतिशत लोगो ने फैक्ट्री खोलने का विरोध किया जिसे देखते हुए 5 अगस्त को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर चार सूत्रीय सवालों का जवाब मांगा गया था परंतु 3 माह 15 दिन भी जाने के बाद भी आज तक जवाब नहीं मिल पाया है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, गुलशन तिवारी, सुमित जैन, ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, आकाशदीप सिंह गोल्डी, गौकरण जंघेल, मिहिर झा, कपिनाथ महोबिया, सोनूराम ढीमर, गणेश वैष्णव, अंकित चोपड़ा, अशरफ सिद्धकी, अनिल विश्वकर्मा, यशवंत जंघेल, अजय साहू, नंदकुमार साहू, सुमरन वर्मा, किशन जंघेल, नागेश सूर्यवंशी, चतुर ओगरे, दशरथ जंघेल, उमेश साहू, लिमांशु चंदेल, सूरज महिपाल, राकेश साहू, अग्रहित साहू, योगेश चंद्राकार, सूरज देवांगन, भूपेश वर्मा, गजेन्द्र वर्मा, निलेश वर्मा, राजा वर्मा, विश्वजीत सिंह सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# प्राचार्य पर धर्म से विलग काम के लिए दबाव बनाने का आरोप

## छात्राएं पहुंची डीईओ आफिस, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के छुईखदान स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य पर छात्राओं ने धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और धार्मिक आस्थाओं का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया है। इन आरोपों को लेकर छात्राओं ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में डीईओ कार्यालय पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारी छात्राओं और एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को तत्काल निलंबित करने की मांग की। छात्राओं ने ज्ञापन में कहा कि प्राचार्य एलिजा मोजेस सरस्वती पूजन के दौरान छात्राओं को जूते पहनने के लिए मजबूर करती हैं जबकि उनके धर्म में पूजा के दौरान जूते पहनना अशुभ माना जाता है। स्कूल में बैच और बेल्ट पर संस्कृत श्लोक तमयसो मा ज्योर्तिगमय की जगह नए प्रतीक चिन्ह के नाम पर सौ सौ रुपया वसूला जा रहा हैं। प्राचार्य उन्हें धमकी देती कि यदि वे इन नियमों का पालन नहीं करेंगी या विरोध करेंगी, तो उन्हें स्कूल से टीसी देकर निकाल दिया जाएगा।

छात्राओं ने बताया कि नवरात्रि जैसे धार्मिक आयोजन में उपवास रखने पर उन्हें ताना मारा जाता हैं और पूजा पाठ के लिए छुट्टी मांगने पर डराया-धमकाया जाता है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने छुईखदान बीईओ को प्राचार्य के रवैये की शिकायत कर कारवाई की मांग की थी लेकिन बीईओ द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लेने के कारण प्राचार्य का हौसला और बढ़ गया है जबकि छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना के मुताबिक 2022 से उनकी पदस्थापना है इस बीच कभी भी कार्यालय मे प्राचार्य की हरकतों को लेकर कोई शिकायत आवेदन नही मिला है।

जिला प्रशासन ने फौरी कारवाई करते हुए प्राचार्य एलिजा मोजेस को छुईखदान से हटाकर खैरागढ़ ब्लाक भेजने का मन बना लिया है।

**कार्रवाई की जाएगी**

मामले की निष्पक्ष जॉच बाद उचित कारवाई की जाएगी।

\- **प्रेम कुमार पटेल**, एडीएम

### एबीवीपी ने दी चेतावनी

एबीवीपी के संगठन मंत्री संजय बघेल, जीत प्रजापति, गुलशन भगत, रितीक कंडरा, महेश पटेल, जितेश बर्मन, हर्ष वर्मा, राजहंस वर्मा सहित अन्य ने इस पूरे प्रकरण को लेकर प्रशासन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्राचार्य को तत्काल निलंबित नहीं किया गया और छात्राओं की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो कलेक्टोरेट का घेराव करने के साथ प्राचार्य का पुतला दहन कर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मामले को लेकर डीईओ लालजी द्विवेदी ने न्यायलयीन प्रकरण के चलते बिलासपुर हाईकोर्ट मे होने का हवाला देते हुए बाद में इस विषय पर बयान देने की बात कहकर फोन काट दिया। इस घटना के बाद शिक्षा विभाग पर दबाव बढ़ गया है। छात्राओं और एबीवीपी के गंभीर आरोपों ने शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर दिया हैं हालांकि अभी तक जिला शिक्षा अधिकारी ने इस मामले पर कोई ठोस बयान नहीं दिया है, लेकिन अब देखना यह होगा कि छात्राओं की शिकायतों और एबीवीपी के अल्टीमेटम के बीच प्रशासन कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है और प्राचार्य के खिलाफ क्या कदम उठाता हैं।

## विरोध के कारण नहीं पहुंचे जनप्रतिनिधि

# आधे-अधूरे गार्डन के उदघाटन की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के जिला चिकित्सालय के समीप गौरवपथ के किनारे आधे-अधूरे उद्यान निर्माण का लोकार्पण आज किया जाना था, लेकिन इस अधूरे निर्माण को लेकर वार्ड के लोगों द्वारा विरोध के स्वर उठते देख प्रतिनिधि उद्यान के उद्घाटन में ही नहीं पहुंचे। वहीं स्थानीय पार्षद और वार्डवासी इंतजार करते रहे। नगर निगम द्वारा राज्य परिवर्तित योजना अंतर्गत गार्डन का निर्माण कराया गया है। इस गार्डन का लोकार्पण 21 नवंबर के दोपहर लगभग 12 बजे किया जाना तय हुआ था। उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर हेमा देशमुख और अध्यक्षता नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता को करनी थी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी और स्थानीय पार्षद राजेश गुप्ता के उपस्थिति में किया जाना था। इसी बीच मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा गार्डन के आधे-अधूरे निर्माण को लेकर सवाल उठाए जाने की बात जनप्रतिनिधियों तक पहुंची और गार्डन के उद्घाटन में पार्षद के अलावा कोई भी नहीं पहुंचा।

### बिना पेड़-पौधों का उद्यान



इस गार्डन में कहीं भी पेड़-पौधे और घास का नामोनिशान नहीं है। वहीं झूले और बैठने के लिए चेयर भी नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में बिना पेड़-पौधों के इस गार्डन का लोकार्पण किसी जल्दबाजी में किया जा रहा था, यह वार्ड के लोगों के लिए चर्चा का विषय रहा।

### उद्घाटन की पट्टिका भी हो गई थी तैयार

दोपहर लगभग 12 बजे वार्ड नंबर 41 के पार्षद राजेश गुप्ता को उद्घाटन का वक्त दिया गया था। उद्घाटन को लेकर पट्टिका भी तैयार कर ली गई थी, लेकिन जनप्रतिनिधियों के नहीं आने के चलते उद्घाटन नहीं हो पाया।

### चार दीवारी के अलावा कुछ भी नहीं

लगभग 22 लाख रुपए की लागत से बने इस गार्डन के उद्घाटन में वार्ड के लोग भी पहुंचे। वार्ड की इंदु साहू और शोभा चौहान ने कहा कि गार्डन में चार दीवारी के अलावा कुछ भी नहीं है, ना पेड़-पौधे हैं न बैठने की जगह है।

### जल्दबाजी में हो रहा था उद्घाटन

स्थानीय पार्षद राजेश गुप्ता ने कहा कि जल्दबाजी में गार्डन का उद्घाटन किया जा रहा था। गार्डन में मिट्टी नहीं डाली गई है, पेड़-पौधे भी नहीं लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस गार्डन के उद्घाटन के लिए उन्हें महापौर निवास से फोन आया था और आज गार्डन का उद्घाटन करने दोपहर 12 का समय दिया गया था, लेकिन महापौर को आवश्यक कार्य आने के चलते लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी ने गार्डन का उद्घाटन करने की बात कही थी, लेकिन उन्हें भी एक अंत्येष्ठि में जाना था, इसलिए वह भी नहीं पहुंचे। जिसके चलते लोकार्पण की तारीख आगे बढ़ा दी गई है।

# विद्यार्थियों ने देखा मचानपार फार्म हाउस



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने मचानपार फार्म हाउस का अवलोकन किया। जिसमें कक्षा चौथी के लगभग 90 बच्चों का दल एवं शिक्षकों ने इसका लाभ उठाया। फार्म हाउस के संचालक राहुल टॉक का पूर्ण सहयोग मिला, जहां बच्चों ने ताजी हरी शाक-भाजी, फल-फूल आदि अनेक वस्तुओं के बारे में विस्तार से जाना। श्री टांक ने बच्चों को आधुनिक तकनीक से की जाने वाली खेती को भी प्रयोगों के माध्यम से विस्तार से बताया। 70 एकड़ में फैले इस विस्तृत फार्म हाउस में हर प्रकार की सब्जियां, फल-फूल देखकर बच्चे उत्साहित थे और प्रकृति को करीब से देखकर आनंदित होकर भविष्य में उद्यानिकी एवं कृषि को व्यवसाय के रूप में चुनने का सुझाव दे रहे थे। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### कोठीटोला मंडई आज

**टाटेकसा।** वनांचल के ग्राम कोठीटोला में 22 नवंबर को मंडई का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी जय मां बम्लेश्वरी भेन्ड्रा नवागांव का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी गैंदुराम कंवर व भूषण डिल्ला ने दी।

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, जैना बाई पति श्री होरीलाल साहू मेरे आधार कार्ड, पासबुक एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम जैना बाई दर्ज है। किंतु भू-राजस्व आनलाईन में मेरा नाम जैत्री पिता कन्हैया साहू दर्ज है जो कि त्रुटीपूर्ण है। यह कि जैना बाई एवं जैत्री बाई दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है। अतः सभी दस्तावेजों शासकीय, अर्धशासकीय संस्थान में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**जैना बाई**
पति श्री होरीलाल साहू
ग्राम सालिक झिटिया, तह. डोंगरगांव,
जिला राजनांदगांव (छ.ग.) – 491441

## सार समाचार

### तेलंगाना से लाया जा रहा दो ट्रक धान जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के परिवहन करने वालों एवं कोचियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य एवं मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा अंतर्राज्यीय जांच चौकी पाटेकोहरा में तेलंगाना राज्य से लाए जा रहे 2 ट्रक में लोड 470 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि जब्त धान को पुलिस चौकी चिचोला के सुपुर्द किया गया है। अवैध धान परिवहन कर सरायपाली और रायपुर ले जाया जा रहा था।



### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन आज

**राजनांदगांव।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 22 नवंबर 2024 को सुबह 11 बजे से दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, अभिषेक सिंह, प्रतिक्षा सूर्यकांत भण्डारी, सचिन बघेल, रमेश पटेल, रामजी भारती उपस्थित रहेंगे।

### घोटाला करने वालों के खिलाफ एफआईआर की मांग

**राजनांदगांव।** एसएलआरएम सेंटर में घोटाला करने वालों के खिलाफ जांच करवाकर आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने की मांग पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने सीएम एवं कलेक्टर से की। श्री ओस्तवाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता अभियान के तहत देशभर में लाई गई। प्रोजेक्ट में टैक्स के रूप में कचरा एकत्रित करने के एवज में जो राशि देते है, उसका जिस तरह से खुलेआम जो भ्रष्टाचार नगर निगम में किया जा रहा है। मामले की जांच करवाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कलेक्टर से अनुरोध है कि तत्काल निगम आयुक्त को इस पूरे मामले की सम्पूर्ण जांच करवाकर दोषी निगम के भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाया जाए।



### गायत्री विद्यापीठ के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने एबीस ग्रीन का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने फर्म में बनने वाले वस्तुओं के निर्माण की प्रक्रिया को बारीकी से देखा और सीखा, जहां मुख्य रूप से मुर्गा दाना, सोयाबीन बड़ी एवं सोयाबीन तेल बनाने की विधि का अवलोकन किया। उक्त शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मुख्य रूप से रोजगार के विभिन्न अवसरों के तहत विभिन्न कौशलों का विकास करना था। इस कार्य में एबीस ग्रीन के संचालक एवं उनकी टीम का पूर्ण सहयोग मिला। विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही वस्तु निर्माण की प्रक्रिया संबंधी विभिन्न प्रश्नों का समाधान पाया।



### पुरामटोला स्कूल में बाल मेला आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला पुरामटोला संकुल शिकारीमहका विकासखंड छुरिया में बाल मेला आयोजित की गई। प्रधान पाठक आरके वैष्णव ने बाल मेला की विशेषता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। बाल मेला में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक आरएम देवांगन ने बताया कि बाल मेला में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजनों ब्रेड पकोड़ा, इडली, समोसा, दही बड़ा, जलेबी आदि अनेक प्रकार के स्टॉल लगाए थे। इस अवसर पर शिक्षक डीके साहू, डीएल साहू, पदमा सेवता, हलीमा बेगम कुरैशी उपस्थित रही। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारी कुशलराम सिंह, धीरज, राम सिंह, बालकदास सिरमौर, ब्रह्माराम सिंह एवं अन्य लोग शामिल थे।



### महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने 21 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम का गजेन्द्र पटेल दो माह से प्रार्थिया को रास्ते में आने-जाने के समय गंदी-गंदी कमेंट कर छेड़खानी करता है। 18 नवंबर को शाम 5 बजे वह तालाब से नहाकर अपने घर की ओर जा रही थी, तभी सामने गजेन्द्र पटेल रास्ता रोककर छेड़खानी करने लगा एवं मां-बहन की गाली देने लगा। 20 नवंबर को प्रार्थिया का पति रास्ते में गजेन्द्र पटेल से मिलने पर उसको बोले कि मेरी पत्नी के साथ क्यों छेड़खानी करते हो, तब वह उसके साथ सीधे मारपीट करने लगा और धमकी दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में दौरान विवेचना के आरोपी गजेन्द्र पटेल 29 वर्ष को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किए जाने पर अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### किसान ड्रोन से कर रहे है कीटनाशक का छिड़काव

**राजनांदगांव।** कृषि रावे विद्यार्थियों द्वारा किसानों के साथ मिलकर 20 नवंबर को ग्राम धामसरा में किसान रमेश कुमार पटेल के धान के खेत में कटवा किट के बचाव हेतु ड्रोन से कीटनाशक (क्लोरोपीराफोस 40 प्रतिशत ईसी, प्रोफेनोफोस 40 प्रतिशत ईसी) 320 मिलिलीटर/एकड़ की दर से ड्रोन में 10 लीटर घोल बनाकर कीटनाशक का छिड़काव किया गया। इस दौरान पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुशाधन केंद्र सुरगी राजनांदगाव के रावे विद्यार्थियों मनु कुमार, मनीष जंघेल, नवीन शर्मा, ओमप्रकाश, रोहित, सुखदेव वर्मा, स्वाति, संध्या, सौम्या, सत्यप्रकाश, सत्यम, संजय, शिवांगी भगत, मीनाक्षी, रामलाल का विशेष योगदान रहा।



## निधन



### सरदार स्वर्ण सिंह भाटिया

**डोंगरगढ़।** सिख समाज के वरिष्ठ स्वर्ण सिंह भाटिया का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छीरपानी मुक्तिधाम में प्रातः 11 बजे किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक लोग शामिल हुए। उनके निधन पर सिख समाज विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



### राजिमबाई चंद्रवंशी

**डोंगरगढ़।** ग्राम भंडारपुर निवासी श्रीमती राजिमबाई चंद्रवंशी 85 वर्ष का आज दोपहर 1 निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भंडारपुर में शाम 4 बजे किया गया। वे नगर पालिका में पदस्थ बड़े बाबू जगीन चंद्रवंशी की माताजी थी। वे बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। उनके निधन पर नपा परिवार, विश्व जागृति मिशन, संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## हरिभूमि की खबर पर प्रशासन ने की त्वरित कार्रवाई

# झोपड़ी में पढ़ रहे बच्चे, स्कूल में शीघ्र बनेंगे कमरे और शौचालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया/राजनांदगांव

खबर का असर

जिले के छुरिया ब्लॉक अंतर्गत आने वाले मंगियाटोला में स्थित सरकारी स्कूल को पिछले एक साल से अस्थाई झोपड़ी में संचालित किया जा रहा है। तीन दशक पुराना हो चुका स्कूल भवन जर्जर होने के कारण हादसे के खतरे को देखते बच्चे खुले आसमान के नीचे शिक्षा ग्रहण करने मजबूर हैं। लगातार मांग के बाद भी अब तक स्कूल की स्थिति नहीं सुधारी जा सकी है। ऐसे में अब ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने स्कूल की स्थिति नहीं सुधारी तो जल्द ही चक्काजाम कर प्रदर्शन किया जाएगा। हालांकि शिकायत सामने आने के बाद गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने जर्जर स्कूल भवन का निरीक्षण किया एवं भवन की स्थिति सुधारने का आश्वासन दिया है। जल्द नए स्कूल भवन के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेजा जाएगा। इधर डीईओ श्री बघेल ने बताया कि दो कमरे और शौचायल के लिए प्रशासन ने तत्काल राशि स्वीकृत कर दी है।


झोपड़ीनुमा झाला में चल रही मंगियाटोला की सरकारी पाठशाला
मांग के बाद भी प्रशासन नहीं बना रहा नया शाला भवन



### अफसर कर रहे थे अनदेखी

ग्रामीणों का आरोप है कि शाला संबंधी समस्या से उन्होंने प्रशासन को कई बार अगवत कराया लेकिन अब तक भवन निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। प्रशासन की उपेक्षापूर्ण व्यवहार को देखते ग्रामीण अब छुरिया-बंजारी मार्ग पर चक्काजाम करने की भी चेतावनी दे चुके हैं। हालांकि गुरुवार को डीईओ ने स्कूल पहुंचकर ग्रामीणों से भी चर्चा की है।

### झोपड़ी में एक और स्कूल

छुरिया के मंगियाटोला स्थित स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे डीईओ पीएस बघेल को रास्ते में एक और सरकारी स्कूल इस हालत में मिल गया। छुरिया ब्लॉक के ही कुर्मदा-छुरिया स्थित सरकारी स्कूल में भी शेड जर्जर हो गया है। जिसकी वजह से बच्चों को स्कूल भवन के बाहर अस्थाई झोपड़ी में पढ़ाया जा रहा है।

### शौचालय नहीं, बरसात में पढ़ाई ठप

स्कूल भवन जर्जर होने के बाद ग्रामीणों ने ही पास के एक खेत में अस्थाई पंडाल लगाकर स्कूल का संचालन शुरू कराया था। हालांकि अब स्कूल परिसर में ही एक अस्थाई झोपड़ी बनाकर पढ़ाई कराई जा रही है। शाला भवन के साथ रसोई कक्ष एवं बालक-बालिका शौचालय भी जर्जर हो गए हैं। रसोई कक्ष में बरसात के मौसम में पानी टपकने से मध्यान्ह भोजन पकाने में रसोईयों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बालक-बालिका शौचालय के जर्जर होने से शिक्षकों एवं बालक-बालिकाओं को परेशानियों से दो-चार होना पड़ता है।

### शीघ्र होगा निर्माण

स्कूल परिसर में दो कमरे और शौचालय के लिए फंड स्वीकृत कर दिया गया है। शीघ्र ही निर्माण काम शुरू कर दिया जाएगा।
- **प्रवास सिंह बघेल**, डीईओ

### 3 दशक पुरानी स्कूल अब हुई जर्जर

प्राथमिक शाला मंगियाटोला में 30 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं एवं पढ़ाने के लिए 2 शिक्षक हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल भवन करीब तीन दशक पहले 1992-93 में बनाया गया था। साल 2008 में इसकी मरम्मत भी कराई गई थी, परन्तु अति जर्जर हो चुके भवन की छत का मलबा टूटकर गिरने, छड़ बाहर निकलने से भवन खतरनाक स्थिति में है। मुख्य दरवाजा के चैनल गेट टूट चुका है। चैनल गेट के टूटने से चोरी होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में स्कूल भवन में पढ़ाई संभव नहीं होने के कारण अस्थाई पंडाल में पढ़ाया जा रहा है।

## धर्मगुरू पर हमले के मामले में सभी दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**राजनांदगांव।** बीते दिनों बलौदाबाजार के दामाखेड़ा में कबीर पंथ के धर्मगुरू पर हुए हमले के मामले में कुछ लोगों पर ही कार्रवाई और अन्य लोगों को की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज कबीर अनुयायी आज बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। उन्होंने इस हमले के सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

बीते 31 अक्टूबर को दामाखेड़ा में कबीर पंथ के धर्म वंशाचार्य हजुर उदितनाम साहेब पर हमला करने के मामले में पुलिस द्वारा सभी दोषियों पर कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते कबीर अनुयायियों ने आक्रोश जताया है। ज्ञापन के माध्यम से पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर अन्य दोषियों को भी चिन्हित करते उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कबीर अनुयायी इमला मानिकपुरी और जिला प्रतिनिधि अमर दास ने कहा है कि इस मामले में काफी लोग दोषी हैं, लेकिन कुछ लोगों को ही गिरफ्तार किया गया है।

### कबीर पंथ शांति का पंथ

कबीर अनुयायियों ने बताया कि प्रदेश के सभी जिले और तहसील स्तर पर ज्ञापन दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यहां पहुंचे हैं। अपने ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा है कि कबीर पंथ का इतिहास 626 वर्षों से पुराना है। कबीर पंथ शांति का पंथ है तथा व्यक्ति निर्माण एवं सद्भावना भाईचारे को बढ़ावा देता है। कबीर पंथ का इतिहास हमेशा शांतिवादी रहा है। ऐसे में धर्मगुरुओं पर हमला चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा ना हो। उन्होंने कहा कि यह सोची समझी रणनीति एवं दुर्भावना से किया गया हमला है। जिससे कबीर पंथियों में आक्रोश एवं दुख है।

## रविवि में पहली बार एक्सचेंज प्रोग्राम डॉ.भानुश्री जाएंगी विदेश

**राजनांदगांव।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में पहली बार फैकल्टी-स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत एक प्रोफेसर व एक स्टुडेंट चेक रिपब्लिक जाएंगे। इसमें मूल विज्ञान केंद्र की असिस्टेंट प्रोफेसर और राजनांदगांव की बेटी डॉ. भानुश्री गुप्ता शामिल होगी। डॉ. भानुश्री चेक युनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेस, प्राग के फैकल्टी ऑफ ट्रॉपिकल एग्री साइंसेज में रिसर्च वर्क करेंगे। सलेक्शन नेचुरल साइंस, एग्रीकल्चर में विशेषज्ञता और इंटरव्यू के आधार पर किया गया है।



डॉ. भानुश्री गुप्ता खाद्य संरक्षण पर अपने रिसर्च के तहत कृत्रिम फूड प्रिजर्वेटिव के विकल्प की खोज कर रही है। खाद्य पदार्थों को ताजा रखने के लिए इस्तेमाल होने वाले कृत्रिम प्रिजर्वेटिव के विकल्प के तौर पर प्राकृतिक प्रिजर्वेटिव का इस्तेमाल किया जा सकता है। डॉ. भानुश्री ने रविवि से ही पीएचडी किया है। डॉ. भानुश्री राजनांदगांव निवासी मुकेश-सरला गुप्ता की सुपुत्री है।

# रेंजर के तबादला का ग्रामीण कर रहे विरोध

- आदेश निरस्त नहीं होने पर पर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के पानाबरस परियोजना मंडल में पदस्थ रेंजर का तबादला आदेश का विरोध अब ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। आज दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मंडल प्रबंधक कार्यालय पहुंचे और रेंजर का तबादला निरस्त करने ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने बताया कि पानाबरस परियोजना मंडल में पदस्थ रेंजर नरेश बघेल का शासन ने तबादला अंबिकापुर परियोजना मंडल में किया है। जिसका हम विरोध ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि साजिश के तहत रेंजर का तबादला किया गया है। रेंजर नरेश बघेल सालभर पहले ही पानाबरस परियोजना मंडल में पदस्थ किए गए थे और अंबिकापुर परियोजना मंडल में तबादल कर दिया है। जबकि वर्षों से पानाबरस परियोजना मंडल में जमे अन्य रेंजर का तबादला नहीं किया गया है। वनरक्षक पदस्थापना से रेंजर के पद पर पदोन्नत होते तक इसी परियोजना मंडल में जमे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रेंजर नरेश बघेल द्वारा वन क्षेत्रों में अच्छा काम करवाया जा रहा है। जिससे हम ग्रामीणों को समय पर रोजगार और भुगतान प्राप्त हो रहा है। ग्रामीणों ने 7 दिनों के भीतर रेंजर का तबादला निरस्त नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वही ग्रामीणों ने आकाशीय बिजली गिरने से घायल मजदूरों को क्षतिपूर्ति राशि नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है।

## सट्टा-शराब के मामले में आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं अवैध रूप से शराब बिक्री करने के आरोपी पर कार्रवाई कर 18 पौवा देशी शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं जुआ सट्टा तथा अवैध शराब बिक्री के विरूद्व अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 20 नवंबर को साढे 6 बजे मुखबीर की सूचना पर घटना गांधी चौक में रेड कार्रवाई कर आरोपी राकेश सोनी उर्फ तुफान 30 साल के कब्जे से एक नग सट्टा-पट्टी, नगदी रकम 270 रुपए, एक डाट पेन जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किया गया।

### 18 पौवा देशी शराब बरामद

इसी तरह मुखबीर की सूचना पर रात्रि सवा आठ बजे घटनास्थल गौरीनगर रेलवे फाटक के पास घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी अमीर खान 20 साल साकिन डबरीपारा के कब्जे से 18 पौवा शोले देशी प्लेन शराब जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर कार्रवाई किया गया।

# आर्म्स एक्ट का फरार आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मारपीट एवं आर्म्स एक्ट के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 अगस्त को प्रार्थिया निवासी अटल आवास बैगापारा लखोली ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 19 अगस्त को साढे 4 बजे मोहल्ले का मोनू बांसफोड़ अपने साथी राजा बांसफोड के साथ मिलकर उसके पुत्र को गालियां देते हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगा, तब प्रार्थिया बीच-बचाव करने आई तो इसे भी गाली देते जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे तलवार जैसी वस्तु से इसके पीछे कमर के नीचे मारा। जिससे इसे चोंटे आई, जिस पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 115 (2) 118 (1), 3 (5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौरान विवेचना के आरोपी मोनू बांसफोड़ पिता गणेश बांसफोड़ 20 वर्ष साकिन बैगापारा अटल आवास लखोली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जो जेल में निरूद्ध है। प्रकरण के एक आरोपी राजा बांसफोड 27 वर्ष घटना बाद से फरार था, जिसे 21 नवंबर को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार करने पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

## मम्तेश्वरी, जान्हवी, मोहित और संदीप चयनित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की उदीयमान हॉकी खिलाड़ी मम्तेश्वरी लहरे व जन्हावी यादव व बालक वर्ग में मोहित नायक और संदीप कुमार का जूनियर बालक-बालिका चयन साई एनसीओई के सलेक्शन ट्रायल के लिए किया गया है। यह सलेक्शन ट्रायल बालक वर्ग का 3 से 11 दिसंबर 2024 तक बैंगलोर और बालिका वर्ग का 16 से 24 दिसंबर 2024 तक बैंगलूरू में आयोजित है। बालक वर्ग में 39 और बालिका वर्ग में 40 खिलाड़ियों का चयन उक्त ट्रायल हेतु किया गया है।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि मम्तेश्वरी लहरे व जन्हावी यादव का साई एनसीओई सलेक्शन ट्रायल के लिए चयन विगत दिनों आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी चैम्पियनशिप 30 अक्टूबर से 10 नवंबर 2024 स्थान रॉची (झारखंड) में उनके उत्कृष्ठ खेल प्रदर्शन के आधार तथा मोहित नायक और संदीप कुमार का चयन विगत दिनों आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालक हॉकी चैम्पियनशिप 9 से 19 सितंबर 2024 स्थान जलांधर (पंजाब) में उनके उत्कृष्ठ खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।



छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मम्तेश्वरी लहरे स्पोटर्स अकादमी रायपुर व जन्हावी यादव और संदीप कुमार खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर में प्रशिक्षणरत है तथा मोहित नायक वर्तमान में नवल टाटा हॉकी एकेडमी जमशेदपुर में प्रशिक्षणरत है। सभी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, राजगामी के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल, छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, भूषण साव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, नीलमचंद जैन, अनिल यादव, ज्ञानचंद जैन, ऑशा थॉमस, कुमार स्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अनुराज श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटिया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, बबीता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकिल अहमद ने शुभकामनाएं दी है।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140









## खबर संक्षेप

### साहू समाज के दानवीर भामाशाह परिषर का भूमिपूजन एवं लोकार्पण आज

**हरिभूमि कवर्धा।** शुक्रवार को सहसपुर लोहारा रोड साहू समाज के दानवीर भामाशाह परिसर में भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन होगा। जिसमें जिला साहू संघ के जिला मीडिया प्रभारी वेद साहू ने जानकारी देते बताया कि कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वही कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय करेंगे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, साहू समाज प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, तैलिक महासभा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम साहू और तैलिक महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक साहू शामिल होंगे। इसके साथ सामाजिक पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष पतिराम साहू, जिला महामंत्री धर्मराज साहू, अशोक साहू, विष्णु साहू, गोपाल साहू, सीताराम साहू, वीरेंद्र साहू, घुरूवाराम साहू, ईश्वर साहू, सुदर्शन साहू, रामकृष्ण साहू, तहसील अध्यक्ष धरमराज साहू, गजपाल साहू, राधेश्याम साहू, दशरथ साहू, मिलु राम साहू, मनीराम साहू, खिलेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के सामाजिक पदाधिकारी और सामाजिक गण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस बीच कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय गायिका आरू साहू के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### कुण्डा सोसायटी अध्यक्ष बने अमन दीप खनूजा



**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अनुशंसा पर सोसायटियों अध्यक्ष पदो के चयन के अनुक्रम में विधानसभा पंडरिया के उप तहसील एवं बहुचर्चित ग्राम पंचायत कुण्डा सोसायटी अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के ऊर्जावान अमन दीप खनूजा को कुण्डा सोसायटी अध्यक्ष चयन किया गया है। जिस पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता के साथ ही साथ अमन दीप खनूजा के मित्र मंडली उपस्थित थे। खनूजा ने अपने अध्यक्ष पद पर चयन होने की बात को लेकर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के साथ ही साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं का योगदान मानते हुए आभार व्यक्त किया।

### एक दिवसीय भगतपुर प्रवास पर रहे: अर्जुन तिवारी



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम भगतपुर में एक दिवसीय प्रवास पर रहें पूर्व प्रदेश महासचिव अर्जुन तिवारी का भव्य स्वागत कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा किया गया वहीं कार्यकर्ताओं ने अर्जुन तिवारी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया, इस दौरान श्री तिवारी ने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात कर परिचर्चा किया गया साथ-साथ गांव व क्षेत्र के बारे में चर्चा किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन जिसमें लाला चंद्रवंशी, ओमकार वैष्णव, सूरज यादव, राजू साहू व वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### राजेन्द्र मारकंडे नियुक्त गए जिला कार्यकारी अध्यक्ष

**हरिभूमि पाण्डातराई।** प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के मंशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया के सहमति से प्रदेश अध्यक्ष



अनुसूचित जाति विभाग राजकुमार अंचल ने राजेन्द्र मारकंडे को जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग बनाया गया है। यह जिम्मेदारी उनके कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित भाव व लगातार काम करने के नाम से बनाया गया है साथ ही नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव को देखते हुए यह जिम्मेदारी दिया गया है, जिसे अनुसूचित जाति कांग्रेस संगठन को मजबूती मिल सके साथ ही श्री मारकंडे ने विभिन्न पदों पर काम कर चुके है। इसके पूर्व अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश संयोजक, जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी जैसे अनेक पद पर कम कर रहे थे, इनकी सक्रियता को देखते हुए कांग्रेस कमेटी द्वारा यह जिम्मेदारी सौंपी गई है इसके साथ ही पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर के करीबी में से एक माना जाता है, वर्तमान में रायपुर दक्षिण उप चुनाव में भी बूथ 177 का प्रभारी बनाया गया था जिसमें लगातार काम करते दिखाई दिए हैं तो वहीं पर श्री मारकंडे ने अपने इस नए जिम्मेदारी को पूरे लगन से काम करने व बहुत ही जल्दी नए संगठन का गठन करने की बात कही है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री अकबर भाई, पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया, प्रदेश अध्यक्ष अजा विभाग राजकुमार अंचल पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, जिला अध्यक्ष होरीराम साहू के प्रति आभार व्यक्त किया। जिस पर पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, जिलाध्यक्ष होरी साहू, प्रदेश प्रतिनिधि रूपेन्द्र वर्मा, ठाकुराम वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष शेष नारायण बैस, जोहन खांडे, चोवा साहू, रामचरण पटेल, पुष्कर लहंगीर, मंजू खान, अरविंदर नारंग व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

गुप्ता समाज सनातन परंपरा, भारत के मान बिन्दू व संस्कृति की रक्षा के लिए हमेशा समर्पित रहा है: उपमुख्यमंत्री

# कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज ने महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज द्वारा कवर्धा में महर्षि कश्यप की जयंती भव्यता और उत्साह के साथ मनाया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह सहित अतिथियों ने महर्षि कश्यप के तैल्य चित्र में दीप प्रज्जवलित और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सहित अतिथियों के पहुंचने पर गुप्ता समाज के पदाधिकारियों ने गजमाला पहनाकर स्वागत गीत गाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान के लिए मांग की। जिस पर अतिथियों ने सभी मांगों पर सहमति जताई।

इस दौरान समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सदस्यों, छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामकुमार गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, गीताशरण गुप्ता सहित समाज के पदाधिकारी महिला युवा शामिल हुए। कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज ने महर्षि कश्यप की जयंती कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह दूरभाष के माध्यम से जुड़े। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ श्री सिंह को दूरभाष के माध्यम से समाज को संबोधित कराया। पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ श्री सिंह ने गुप्ता समाज की सक्रियता और एकजुटता की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज को एकजुट रहकर और अधिक सकारात्मक कार्यों में संलग्न रहना चाहिए। इससे न केवल समाज का विकास होगा बल्कि यह अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।




## समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महर्षि कश्यप जयंती के शुभ अवसर पर सभी को बधाई दीं। उन्होंने अपने संबोधन में गुप्ता समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समाज सनातन परंपराए भारत के मान बिन्दू और संस्कृति की रक्षा के लिए हमेशा समर्पित रहा है। उन्होने कहा कि गुप्ता समाज ने अपनी परंपराओं को संजोए रखते हुए समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री शर्मा ने अपने संबोधन में धारा 370 का उल्लेख करते हुए इसे भारत की एकता और अखंडता के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया।

## एकजुटता ही समाज की शक्तिः श्री पाण्डेय

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि समाज की एकता और सामूहिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज समाज के सभी सदस्य एकत्रित हैं और यह एकजुटता ही समाज की शक्ति है, समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन और बैठकें समाज सुधार और प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने समाज की एकजुटता को समझाने के लिए एक प्रेरक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि गुच्छे में जुड़े अंगूरों का मूल्य अधिक होता है, जबकि अलग-अलग टूटे हुए अंगूरों का मूल्य कम हो जाता है। इसी प्रकार यदि समाज एकजुट होकर कार्य करेगा तो उसका महत्व और प्रभाव बढ़ेगा।

## समाज के विकास में शिक्षा की अहमियतः भावना

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने महर्षि कश्यप जयंती के शुभ अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठजनों, युवाओं, और नारी शक्ति को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में समाज के विकास में शिक्षा की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए बच्चों को पाठ्य शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए। इससे नई पीढ़ी अपने मूल्यों और परंपराओं से जुड़ी रहेगी। विधायक श्रीमती बोहरा ने समाज के कार्यक्रमों में युवाओं और नारी शक्ति की भागीदारी को बढ़ाने का आह्वान किया।

# ब्रिक्स ईट फैक्ट्री में गुणवत्ताहीन मटेरियल का उपयोग ग्रामीणों ने की जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला सहित ग्रामीण क्षेत्र में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नव निर्माण कार्य हरिनछपरा उद्योग केन्द्र से ब्रिक्स ईट का उपयोग निर्माण कार्य में किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शहर व क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गरीब मजदूर परिवार को पक्का मकान के लिए राशि जारी ग्रामीण हितग्राहियों को दिया जा रहा है और वही क्षेत्र में पीएम आवास निर्माण कार्य में ब्रिक्स ईट का उपयोग किया जा है। मिली जानकारी के अनुसार ब्रिक्स ईट एक ट्रैक्टर ट्रॉली की कीमत 8 हजार रूपए बिक रही है। वहीं गरीब मजदूर हितग्राही प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए मजबूरी में ब्रिक्स ईट को खरीद रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रवासियों ने बताया कि ब्रिक्स ईट गुणवत्ताहीन होने के कारण ब्रिक्स ईट पानी डालने पर टुकड़े-टुकड़े तथा क्षतिग्रस्त हो जाता है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से जांच की मांग कर ब्रिक्स ईट की गुणवत्ता व मटेरियल सामग्री को कम मात्रा में डालकर ईट का निर्माण कराया जा रहा हैं साथ ही साथ शहर व क्षेत्र में ब्रिक्स ईट गुणवत्ताहिन ईट का तेजी से ब्रिकी हो रही है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान पांच वर्ष तक टिक पाना मुश्किल है। जिस पर शासन प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है ताकि गरीबों का मकान मजबूत बन सकें।

## विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने सरपंच को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मक्के के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षिका श्रीमती एलवीना विलसन, शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, युगल किशोर साहू ने सरपंच मुक्तानंद साहू तथा सभी पंचों को ज्ञापन सौंपकर विस्तार से चर्चा किया। चर्चा के दौरान मोदी की गारंटी के तहत एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने, पूर्व सेवा की गणनाकर 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पुरानी पेंशन देने, समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोंन्नत वेतनमान देने, समतुल्य वेतनमान में सही वेतनमान निर्धारण करें, पूर्व सेवा अवधि की गणनाकर एलबी संवर्ग के शिक्षकों के पुरानी पेंशन का निर्धारण करने सरपंच को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सरपंच ने शिक्षकों के मांगों को जायज करार देते हुए शीघ्र ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखने आश्वस्त किया।

# अगहन माह के पहले महिलाओं में दिखा उत्साह की गई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, घोरपेंड्री, धनेली, भगतपुर, माकरी, रूसे, रापा, नवापारा, पेण्ड्रीकला व कुण्डा में अगहन माह के पहले महिलाओं में भारी उत्साह दिखा वहीं महिलाओं ने धन की देवी मां लक्ष्मी का विधि विधान से पूजन-अर्चना किया। मिली जानकारी के अनुसार हिन्दू धर्म मान्यता है कि अगहन मास में गुरुवार के पूजा की तैयारी कई घरों में बुधवार शाम से ही शुरू हो जाती है। इस दौरान हर घर में मां लक्ष्मी की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। अगहन महीने के गुरुवार को मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है पौराणिक मान्यता के अनुसार अगहन महीने को महालक्ष्मी का महीना माना जाता है, इस दिन मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जिन घरों में साफ-सफाई और सजावट होती है तथा मां लक्ष्मी की पूजा करने से सुख-समृद्धि मिलती है। वहीं अगहन महीने में जरूरतमंद लोगों की मदद करना और उन्हें गर्म कपड़े, खान पान व पूजन सामग्री दान करना लाभकारी माना जाता है।



## पद्दोन्नति अविलंब जारी करने शिक्षक ने जेडी से की मुलाकात



**हरिभूमि कवर्धा।** उच्च वर्ग शिक्षक से प्रधान पाठक माध्यमिक शाला की पद्दोन्नति किया जाना है। परंतु प्रक्रिया सम्पन्न होने में विलंब को लेकर गुरूवार को शिक्षक समुदाय संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर से मुलाकात किया। जिस पर जेडी द्वारा बताया गया कि त्रुटि सुधार का कार्य चल रहा था, इस पर शिक्षको द्वारा कहा गया, इतनी त्रुटि के साथ जानकारी बनाने वाले अधिकारियों के लिए क्या किया गया, जबकि संकुल स्तर से शिक्षको की जानकारी उच्च कार्यालय में दिया गया है, उसके बाद बीईओ कार्यालय से डीईओ भेजा जाता है उसके बाद त्रुटि के साथ जानकारी आ रही। इस पर जेडी द्वारा कहा गया की अगले हफ्ते डीपीसी हो जाएगी और पद्दोन्नति सूची जारी कर दिया जाएगा। वही सहायक शिक्षक से उच्च वर्ग शिक्षक के पद्दोन्नति के संबंध में चर्चा करने पर बताया गया कि जिला स्तर पर जानकारी तैयार कर लिया गया है, उच्च वर्ग शिक्षक की पद्दोन्नति व संस्कृत विषय को लेकर संचालक से मार्ग दर्शन मांगा गया है। उसके बाद सहायक शिक्षक की पद्दोन्नति प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। जेडी द्वारा हेडमास्टर पद्दोन्नति कॉउंसलिंग से किए जाने तथा लगभग 650 पदों पर पद्दोन्नति करने की जानकारी दी गई। इसके पूर्व में मुलाकात के दौरान पदोन्नति के पूर्व सभी रिक्त पदों पर पद्दोन्नति देने की मांग की गई थी। शिक्षको ने उच्च परीक्षा में शामिल होने जो आवेदन दिए उनमें से कई जिलों के शिक्षकों अनापत्ति पत्र जारी नही होने की जानकारी दी गई, जिसमे उन्होंने बताया लगातार जारी किया जा रहा और शेष भी जल्दी जारी किया जाएगा।

## ग्राम रानी सागर में किया गया निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**हरिभूमि कवर्धा।** शहर व ग्रामीण सहित वनांचल क्षेत्रों के विकास के लिए कटिबद्ध कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते जिले में लगातार विकास एवं निर्माण स्वीकृत किए जा रहे है। जिससे गांव-गांव में विकास की गंगा बह रही है। कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा क्षेत्रवासियों की मांग और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम रानी सागर में समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत 5.20 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका गुरूवार को विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी दिनेश चन्द्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे, जिन्होने विधिवत पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती इन्द्राणी दिनेश चन्द्रवंशी ने कहा कि कवर्धा जनपद क्षेत्र का लगातार विकास किया जा रहा है, कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य रूक गए थे उन्हें अब तेजी से पूरा किया जा रहा है। वहीं जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होने महज नौ माह के भीतर ही कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में छोटे-बड़े करोड़ों के विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदेश के मुख्यमंत्री के सहयोग से कराए हैं। भूमिपूजन के बाद अब धरातल में नजर भी आने लगे हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच गणेश साहू, उपसरपंच अक्षय जांगड़े, जोधवा साहू, पंच उमेन्द्र साहू, बलदेव साहू, हिर्दिय साहू, राजकुमार साहू, गोकुल साहू, सनात साहू, कांशीराम साहू, सीताराम साहू, भागवत साहू, संतोष साहू, दिलीप नाथ योगी, होलीराम साहू, खोलू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# 82 वर्षीय गणेश शरण सोनी प्रतीक साहित्य व कला जगत के अनुठे मर्मज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के अस्सी सावन देख चुके ख्यातिलब्ध जन कवि सहज, सरल व व्यक्तित्व के धनी गणेश शरण सोनी प्रतीक आशुकवि, काव्यभूषण, जनश्री अलंकृत, रंगकर्मी एवं चित्रकार से गुरूवार के दिन अनायास कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (पूर्व संस्था भवन शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में अपनी पुरानी यादे लेकर अपने भूतपूर्व विद्यार्थियों से सौजन्य भेंट डीईओ चेम्बर में पहुंच कर हम सब से चाय के दौरान नए-पुराने-तात्कालिक रचनाएं कविता एवं स्वस्फूर्त कलम से निर्मित द्विआयामी रेखाचित्र भेंटकर अपने प्रिय छात्र महेन्द्र गुप्ता व सतीश यदु को समर्पित की तात्कालीन संस्था शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कवर्धा में 17 वर्षो की शिक्षकीय जीवन की मिठी यादों को साझा किया। बारह लोगों की अलग-अलग आवाज में कथानक प्रस्तुति, बारह लीजेंड सिंगर की आवाज मे उनके गीत गाना आशु कवि के साथ-साथ आशु चित्रकार के रूप में अपनी अद्भुत, अनुपम, अनूठा, अप्रतिम कलाकृति से चिर-परिचित अंदाज में परिचय देते हुए जिन्दादिली से सबसे कुशल छेम जाना। श्री गुप्ता एवं श्री यदु ने कहा की लंबे अन्तराल के बाद गुरुदेव से मुलाकात हुई है।

## 12 करोड़ 29 लाख 76 हजार रुपए की मंजूरी, वर्क ऑर्डर जारी

# युवाओं के सपनों को पंख, 24 गांवों में बनेगा मिनी स्टेडियम



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के युवाओं के लिए एक बड़ा तोहफा मिला है, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत तथा ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से जिले में युवाओं की मांगो को पूरा करते हुए जिले के 24 ग्रामों में मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए 12 करोड़ 29 लाख 76 हजार रुपए की मंजूरी राज्य शासन से दी है। मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए राशि भी मिल गई है। मिनी स्टेडियम के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है, वर्क ऑर्डर भी जारी हो गए है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना और मनरेगा के तहत जिले के 24 गांवों में मिनी स्टेडियम बनाने की स्वीकृति मिली है। इस परियोजना के लिए 12 करोड़ 29 लाख 76 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें हर मिनी स्टेडियम के निर्माण पर 51 लाख 24 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप इस परियोजना का लक्ष्य है कि गांव के युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इस पहल का उद्देश्य खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना, युवाओं को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना और उन्हें देश व राज्य की सेवा के लिए तैयार करना है।

### युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर

श्री शर्मा ने इसे जिले के युवाओं के लिए ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इन मिनी स्टेडियमों के निर्माण से युवाओं को अपने सपनों को साकार करने का मौका मिलेगा। ये स्टेडियम सिर्फ खेल के लिए नहीं, बल्कि अग्निवीर, पुलिस और सुरक्षा बलों में भर्ती की तैयारी में भी मददगार साबित होंगे। यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को उभरने का मंच देगा।

### टेंडर प्रक्रिया पूरी, निर्माण कार्य शुरू

स्वीकृत मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और कई स्थानों पर भूमिपूजन भी संपन्न हो गया है, जल्द ही निर्माण कार्य तेज गति से शुरू होगा। इस योजना को लेकर जिले के युवाओं में जबरदस्त उत्साह और उमंग देखी जा रही है। युवाओं ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
HEARING AIDS AVAILABLE
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** बोड़ला के सीमावर्ती गांव में बीते बुधवार से सुनाई दे रही शेर की दहाड़

# पंडरिया में हाथियों के बाद अब बोड़ला के सीमावर्ती गावों में बाघ की दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया वनांचल के सीमावर्ती गांवों में जहां बीते तीन दिनो से जंगली हाथियों की दहशत देखने को मिल रही है वहीं अब जिले के विकासखण्ड बोड़ला क्षेत्र की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के गांवों में बाघ की दहाड़ सुनाई दे रही है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी दहशत देखी जा रही है। हालांकि बोड़ला और पंडरिया का वन महकमा बाघ तथा हाथियों पर नजर रखे हुए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते तीन दिनो से जिले के पंडरिया विकासखण्ड के वनांचल ग्राम चेंदरादादर तथा आसपास के ईलाकों ढेरा जमाए चार सदस्यीय हाथियों का दल अब जिले की सीमा पार कर सीमावर्ती मध्यप्रदेश के केंद्राबहरा ईलाके में पहुंच गया है। जिससे पंडरिया के वनवासियों ने कुछ राहत तो ली है। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों की माने अभी हाथियों का दल जिले की सीमा से ज्यादा दूर नहीं गया है ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि वह कभी भी वापस पंडरिया ब्लाक में दाखिल हो सकता है।




**मध्यप्रदेश के सीमावर्ती गांव में किया गाय का शिकार**

ग्रामीणों की माने तो बोड़ला से लगे मध्यप्रदेश के सीमावर्ती ग्राम बंजरा में मौजूद बाघ ने बीती रात एक गाय का भी शिकार किया है। गाय के इस अध खाए गए शव को देख ग्रामीणों में और भी ज्यादा दहशत है और वे अपने मवेशियों को जंगल ले जाने तथा खुद भी जंगल में जाने से कतरा रहे हैं। बोड़ला के सीमावर्ती ग्राम के ग्रामीणों को इस बात की चिंता और भय है कि कहीं शिकार की तलाश में बाघ उनके ईलाके में न धमके। हालांकि वन विभाग बाघ की गतिविधियों में नजर रखे हुए है।

ऐसे में क्षेत्र का वन महकमा लगातार इन जंगली हाथियों पर नजर जमाए हुए है।

दूसरी तरफ बीते बुधवार से जिले बोड़ला विकासखण्ड के सीमावर्ती मध्यप्रदेश के ग्राम बंजरा में बाघ की दहाड़ सुनाई दे रही है। जो विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम केशमार्दा, बाकी तथा चेंद्रादादर से लगा हुआ है। ऐसे में इन क्षेत्रों के ग्रामीणों में भी भारी दहशत देखने को मिल रही है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने सीमावर्ती मध्यप्रदेश के गांव में बाघ की मौजूदगी की जानकारी बोड़ला के वन अमले को दे दी है और वन महकमा भी मुस्तैद हो गया है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने धान खरीदी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान कवर्धा के आदर्श कृषि उपज मंडी दौरा किया और किसानों से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकर द्वारा की गई धान खरीदी व्यवस्था पर चर्चा की।



उन्होंने किसानों से उनकी राय और अनुभव पूछे, ताकि सरकार की नीतियों और योजनाओं को और बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान उन्होंने धान तौलने की प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक देखा और तौली गई धान की गुणवत्ता, मात्रा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, रामकृष्ण साहू, कैलाश चंद्रवंशी, ईश्वरी साहू, रवि राजपुत जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। किसानों ने सरकार की धान खरीदी प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष धान खरीदी की प्रक्रिया पहले से कहीं बेहतर और व्यवस्थित है।

किसानों ने यह भी बताया कि सरकार ने त्वरित भुगतान और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की है, जिससे उन्हें फसल बेचने में कोई कठिनाई नहीं हो रही है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने किसानों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर व्यवस्थाओं को और अधिक सुर्दढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार किसानों के हित में निरंतर काम कर रही है। धान खरीदी में कोई भी समस्या नहीं आनी चाहिए, और हर किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य मिलना चाहिए।

किसानों ने भी उपमुख्यमंत्री के इस पहल की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया कि वे स्वयं मंडी पहुंचकर किसानों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किसानों से संवाद करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार देश में सबसे अधिक 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके उत्पाद का उचित और लाभकारी मूल्य मिले, और इस दिशा में सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि इस वर्ष सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि धान की खरीद के साथ-साथ सरकार किसानों को एकमुश्त भुगतान भी कर रही है, जिससे किसानों को उनके पैसों की तुरंत प्राप्ति हो रही है और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है।

## खबर संक्षेप



### परख मॉक टेस्ट का डीईओ ने किया निरीक्षण

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजपुर में कक्षा छठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का परख मॉक टेस्ट लिया गया। परख टेस्ट हिंदी, गणित व विज्ञान विषय का लिया गया। परख मॉक टेस्ट का उद्देश्य कक्षा छठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्तर में सुधार करना है। परख परीक्षा विद्यार्थियों के उपलब्धि स्तर में वृद्धि के लिए लिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू परख मॉक टेस्ट का निरीक्षण करने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजपुर पहुंचे। उन्होंने परख मॉक टेस्ट के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान शाला के प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल सहित समस्त शिक्षक रामाधार साहू, पुलक राम साहू, नम्रता श्रीवास्तव, नीलिमा सिरदार व मंजू शर्मा उपस्थित थे।

### जिले में युवा उत्सव का किया जाएगा अयोजन

**कवर्धा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। युवा उत्सव राज्य स्तरीय आयोजन किए जाने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया है। युवा उत्सव राज्य स्तरीय आयोजन 12 से 14 जनवरी 2025 को आयोजन किया जाएगा। आयोजन चारों विकासखण्ड में विकासखण्ड स्तरीय आयोजन 30 नवम्बर 2024 तक आयोजन किया जाना है। पंडरिया के सांस्कृतिक, मंगल भवन लोरमी रोड पंडरिया में 25 नवंबर, बोड़ला के बांधाटोला मंगल भवन बोड़ला में 26 नवंबर, स.लोहारा मंगल भवन राजनांदगांव रोड स.लोहारा में 27 नवंबर और कवर्धा शासकीय शारदा संगीत महाविद्यालय कवर्धा में 28 नवंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव 09 दिसंबर 2024 को शासकीय संत कबीर कृषि महाविद्यालय घोठिया रोड कवर्धा में किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग से संपर्क कर सकते है।

### शक्ति केन्द्रों में किया गया बूथों का गठन

**कोलेगांव।** देश के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला एवं मण्डल पदाधिकारियों का कार्यकाल पूर्ण हो गया अब शीर्ष नेतृत्व नए सिरे से संगठन का गठन कराने सदस्यता का महाअभियान चलाया जा रहा है। वहीं सक्रिय सदस्यता का दौर चलने के बाद अब गठन की प्रक्रिया प्रारंभ है, जिसमें भाजपा की शीर्ष नेतृत्व पहले बूथ इकाई, मण्डल, जिला व प्रदेश तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी की गठन का कार्य करेगी।

# विजय शर्मा ने किया ग्राम मदनपुर व लालपुर में स्कूल भवन लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज अपने प्रवास के दौरान कवर्धा विकासखंड के ग्राम मदनपुर और लालपुर में नवनिर्मित प्राथमिक शाला भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए भवन की बधाई दी और उन्हें भविष्य में सफलता की शुभकामनाएं प्रदान की। उनके द्वारा किए गए इस उद्घाटन से दोनों गांवों में शिक्षा की सुविधाओं में सुधार होगा। जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार प्रदेश के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे इन विकास कार्यों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नए भवन से विद्यार्थियों को एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा, जिसमें वे अपने भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है और इसलिए सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इससे बच्चों की शैक्षिक प्रगति में वृद्धि होगी और वे अपने भविष्य के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। प्राथमिक शाला भवन के निर्माण से गाँव के बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा। उन्होंने आशा जताई कि नए भवन से शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, रामकृष्ण साहू, कैलाश चंद्रवंशी, जनपद सदस्य रवि राजपूत, ईश्वरी साहू, नंद जायसवाल सहित शिक्षक, छात्र और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# घर का सपना होगा साकार, सभी को मिलेगा पक्का मकान




- प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का सर्वेक्षण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए सर्वेक्षण शुरू हो गया है, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के लिए भी प्रदेश में सर्वेक्षण शुरू हो गया है, इसी कड़ी में कवर्धा शहर में भी वीर सावरकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में पात्रता हितग्राहियों का फार्म भरकर शुरूआत किया गया, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 2.0 अंतर्गत ऐसे शहरी पात्र परिवार जिन्हें पीएम आवास योजना के पहले चरण में आवास नहीं मिल पाए थे, उन्हें पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। हितग्राहियों की सुविधा के लिए आवास हेतु आवेदन की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर गरीब के लिए आशियाने के सपने को पूरा करने का काम छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहा है। आवास योजना के लिए 10 दिसंबर तक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन और सर्वेक्षण की अंतिम तारीख एक ही है, उन्होनें बताया कि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व व उनके निर्देशानुसार कवर्धा शहर के सभी पात्र परिवारों को पीएम आवास प्रदान किया जाना है जिसके लिए हम सभी पार्षदगण एक जुट होकर सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलायेगें। उन्होनें बताया कि शहर के सभी 27 वार्डो में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का फार्म भराया जाएगा, जिसके लिए पूरी टीम तैयार की जा चुकी है। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, पार्षदगण संतोष यादव, शहर मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र सलूजा, मुख्य नपा अधिकारी रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता एमएल कुर्रे, अभिषेक ठाकुर, योगेश्वर नेताम, तेजसिंह चंद्रवंशी गण उपस्थित थें।

**युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर**

हर पात्र व्यक्ति को इस योजना में आवास की सुविधा मिलेगी, वीर सावरकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वे की औपचारिक शुरुआत कर दी गई है। पहले चरण में जिन लोगों का नाम आवास की सूची में नहीं आया, उनके लिए विभाग के कर्मचारी जल्द ही डोर टू डोर सर्वे भी शुरू करेंगे।

# चोवाराम साहू प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

- समाज में सक्रियता को देखते हुए चोवाराम साहू को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला साहू समाज के सदस्य चोवाराम साहू की समाज के प्रति सक्रियता को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने उन्हें बड़ी और अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मोहन कुमारी साहू तथा पवन साहू प्रदेश संयोजक युवा प्रकोष्ठ की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए कबीरधाम जिले के ग्राम रक्से निवासी चोवाराम साहू को युवा प्रकोष्ठ का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

गौरतलब है कि चोवाराम साहू राजनीति के साथ ही अपने समाज में काफी सक्रिय है। वे अपने समाज के लोगों की आवाज को हमेशा से पुरजोर ढंग से उठाते रहे हैं। उनकी समाज में लगातार की सक्रियता को देखते हुए ही प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। जिसे लेकर उनके समर्थकों में खुशी देखी जा रही है। वहीं अपनी इस नियुक्ति पर श्री साहू ने कहा कि प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वे उसे समाज व संघ के हित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा करेंगे। उन्होंने प्रदेश साहू संघ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# ग्राम महली में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- विवाहित महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम महली निवासी एक विवाहिता ने बीते बुधवार को अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अभी तक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।




घटना की सूचना पाकर कुण्डा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक महिला का शव बरामद कर लिया है। वहीं परिजनो से पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते बधुवार को ग्राम महली निवासी और अपने ही घर में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला रानू साहू पति योगेश साहू आयु 25 वर्ष ने घर में लगे सीलिंग फेन में मौका देखकर फांसी का फंदा कसकर आत्महत्या कर ली।

परिजनो को घटना की जानकारी होने के बाद उन्होने तत्काल इसकी जानकारी कुण्डा पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला का शव बरामद कर लिया है। वहीं मर्ग कायम पर शव को पीएम पश्चात परिजनो को सौंपा दिया गया है। इस संबंध में कुण्डा थाना प्रभारी महेश प्रधान ने बताया कि परिजनो की सूचना पर महिला का फांसी में लटका हुआ शव बरामद किया गया है। महिला के शरीर में किसी प्रकार के कोई चोट के निशान नहीं पाए गए हैं और न ही मौके से कोई सुसाइड नोट मिला है। फिर भी मामला विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मामले को विवेचना में लेकर परिजनो तथा अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि महिला का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व हुआ था और उसका एक दुधमुहा बच्चा भी है।

हालांकि अभी तक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण अज्ञात बना हुआ है। जिसकी जांच कुण्डा पुलिस द्वारा की जा रही है।

**बालिकाओं को सशक्त बनाने दिया जा रहा स्कूलों में प्रशिक्षण**

# जिले में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कबीरधाम जिले के सभी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार, यह कार्यक्रम चारों विकासखंड बोड़ला, कवर्धा, पंडरिया, और सहसपुर लोहारा में संचालित विद्यालयों में लागू किया जाएगा। जिला मिशन समन्वयक नल प्रसाद पनागर ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को 30 दिनों तक प्रतिदिन एक घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण विद्यालय प्रारंभ होने से पहले या समाप्ति के बाद आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए जरूरी कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करना है, ताकि वे किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति का सामना कर सकें। कार्यक्रम के लिए योग्य और कुशल प्रशिक्षकों का चयन सुनिश्चित करने हेतु, कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति प्रशिक्षकों का चयन उनकी दक्षता और अनुभव के आधार पर करेगी। चयनित प्रशिक्षक जिले के विभिन्न विद्यालयों में जाकर छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएंगे। यह प्रशिक्षण न केवल छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि उनमें साहस, आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को भी बढ़ावा देगा। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कार्यक्रम बालिकाओं को यह संदेश देता है कि वे अपनी सुरक्षा स्वयं करने में सक्षम हैं। इस पहल के प्रति विद्यालयों के शिक्षक और अभिभावक भी उत्साहित हैं। उनका मानना है कि आत्मरक्षा के इन गुरों से बालिकाएं मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनेंगी। समग्र शिक्षा अभियान के तहत छत्तीसगढ़ सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है। यह कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगना से प्रेरणा लेकर हर बालिका को सशक्त बनाने का प्रयास है। यह कार्यक्रम न केवल बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देगा, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगा।

# कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला में 15 दिवसीय जल उत्सव अभियान का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

छत्तीसगढ़ राज्य के कबीरधाम जिले के आंकाक्षी विकासखंड बोड़ला के ग्राम बोदा 03 में जल उत्सव अभियान का गत 20 नवम्बर को समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में जल उत्सव अभियान एवं अभियान के उद्देश्यों को बताया गया। कार्यक्रम में आंकाक्षी विकासखंड कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई। समापन कार्यक्रम में 06 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुए 15 दिवसीय जल उत्सव अभियान के दौरान तिथिवार किए गए गतिविधि-जल संपदा परिसंपत्तियों की सफाई, स्त्रोत स्वच्छता सर्वेक्षण एवं जल संरक्षण और सुरक्षा तथा जल स्त्रोत के स्थिरता के लिए किए गए प्रयास, शिक्षकों का जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किए गए हॉफ मैंराथन दौड़, जल संरक्षण व नल जल योजनाओं के प्रबंधन और जल के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्कूलो के छात्र छात्राओं का भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन, शून्य रिसाव जल आपूर्ति अभियान के आयोजन एवं लीकेज रिपोर्टिंग के लिए युवाओं को डिजिटल माध्यम से जोडऩे हेतु प्रयास, छात्रों में जल संरक्षण व जल संसाधन एंव पेयजल परिसंपत्तियों के महत्व को स्थापित करने तथा उनके प्रति संवेदनशीलता पैदा करने के उद्देश्य से स्कूलो में लेक्चर एवं विडियों के माध्यम से जल जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामों में एकीकृत वॉटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम के तहत निर्मित जल परिसंपत्तियों का सफाई एवं रख रखाव के उद्देश्य से आयोजित गतिविधि, जल प्रबंधन की तकनीक और जलापूर्ति प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव तथा लीकेज मरम्मत एवं जल गुणवक्ता परीक्षण जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं हेतु नल जल मित्र नामांकन गतिविधि, स्वयं सहायता समूहों को जल प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव एवं जल प्रबंधन एवं जल गुणवत्ता परीक्षण में परिपक्व बनाने एवं उनके उन्मुखीकरण हेतु गतिविधि, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एवं मातृशक्ति को सम्मानित करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण गतिविधि, जल सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं जल जनित रोगों के प्रति जल और स्वास्थ्य गतिविधियों के आयोजन की जानकारी एवं विभिन्न गतिविधियों के परिणामों का जल उत्सव समापन दिवस पर आंकलन किया गया।